# सुरक्षा के किलाबंदी इंतजाम, राहगीर हो गए परेशान, लौटाए मरीज

## टनकपुर हाईवे से लेकर सभास्थल तक तैनात रही पुलिस, बैरियर लगाकर बंद किए रास्ते, मुख्य मार्ग से लौटाने पर गलियों में घुसे वाहन, उधर से भी लौटाए गए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



अशोक कॉलोनी गेट पर पुलिस के रोकने से परेशान रहे लोग। ● अमृत विचार




टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहे पर मुख्यमंत्री के जाने के बाद लगा जाम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री की सुरक्षा के नाम पर पुलिस ने किलाबंद इंतजाम किए थे। इस कारण शहरवासियों और राहगीरों को बेहद परेशानी हुई। मुख्यमंत्री के आने पर सभास्थल के आसपास ही नहीं, बल्कि बाजार और गलियों में भी आवाजाही बंद कर दी गई। हर मोड़ पर पुलिस कर्मी बैरियर लगाकर मुस्तैद रहे। इससे किसी को प्रवेश नहीं मिल सका। दुकानें पहले ही बंद करा दी गई थीं। इसके बाद तो मरीजों से लेकर तीमारदारों को भी पुलिस ने बैरंग लौटा दिया। कुछ स्थानों पर पुलिस कर्मियों की अभद्र भाषा को लेकर भी राहगीरों में नाराजगी दिखाई दी। इससे दिन भर सन्नाटा जैसा पसरा रहा।

शहर के राम इंटर कॉलेज मैदान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को प्रबुद्ध सम्मेलन करने पहुंचे। उनका हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन में उतरा। जहां से टनकपुर हाईवे पर होकर सभास्थल पहुंचे। उनकी सुरक्षा को लेकर एक दिन पहले ही कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में पुलिस ने एक तरह से किलाबंदी कर रखी। सीएम की सुरक्षा में 600 से अधिक पुलिसकर्मी लगाए गए। चुनाव के वक्त पहले भी मुख्यमंत्री पीलीभीत आए, लेकिन आसपास के रास्तों के अलावा ट्रैफिक सिस्टम चालू रहा था। इससे किसी को आभास नहीं था कि मंगलवार सुबह जब घर से निकलेंगे तो उन्हें गंतव्य तक पहुंचने के लिए पुलिस से जूझना पड़ेगा। रेलवे स्टेशन रोड पर गैस चौराहा के पास बैरियर लगाकर रास्ता बंद करा दिया गया था। यहां पर भारी पुलिस बल मुस्तैद था। यहां से सुनगढ़ी थाने की तरफ भी कोई आवाजाही नहीं हो रही थी। इसके अलावा गांधी स्टेडियम रोड पर एक तरह से अघोषित कर्फ्यू सा माहौल रहा। कार्यक्रम स्थल वाले सुनगढ़ी से डिग्री कॉलेज चौराहा की तरफ जाने वाले मार्ग पर तो सख्त इंतजाम होने ही थे। मगर नकटादाना चौराहा, नेहरू पार्क, गौहनिया चौराहा समेत सभी रास्तों पर तैनात पुलिस ने किसी को सुबह से ही प्रवेश नहीं दिया। जिससे राहगीरों को काफी परेशानी हुई। गांधी स्टेडियम रोड, डिग्री कॉलेज रोड पर कई अस्पताल भी हैं। ऐसे में मरीज लेकर आए तीमारदारों को भी पुलिस के लगाए गए बैरियर से वापस कर दिया गया। गांधी स्टेडियम रोड से होकर अपने दफ्तरों को जाने वाले लोगों को भी पुलिसकर्मी वापस करते रहे। किसी ने कुछ कहा तो वर्दी की धमक दिखाने से भी फोर्स पीछे नहीं हटा। उधर, कार्यक्रम स्थल से काफी दूर असम चौराहा से शहर के भीतर प्रवेश रोक दिया गया था। नौगवां ओवरब्रिज पर भी कुछ ऐसा ही हाल दिखा। इन रास्तों पर वीआईपी एंट्री जरूर खुली रही। अशोक कॉलोनी के लोगों को भी कॉलोनी के गेट से बाहर गांधी स्टेडियम रोड की तरफ से प्रवेश नहीं मिला। दोपहर दो बजे तक आलम ये रहा कि मुख्य मार्गों से लौटाए जाने के बाद गलियों में घूमकर भी गंतव्य तक पहुंचना राहगीरों के लिए चुनौती बना रहा। उधर, मुख्यमंत्री के जाते ही जो पुलिसकर्मी राहगीरों पर सख्त दिखाई दे रहे थे। वह जाम लगने के बाद निष्क्रिय से दिखाई दिए। लोग जाम में फंसकर परेशान होते रहे।




बेटे की दवा न मिलने से परेशान महिला।



गौहनिया चौराहे पर लगे बैरियर पर मुस्तैद पुलिस। ● अमृत विचार



रेलवे स्टेशन रोड पर गैस चौराहा के पास लगा बैरियर और पैदल जाते लोग।



सुनगढ़ी तिराहा पर रस्सी बांधकर रोका गया ट्रैफिक। ● अमृत विचार

### बेटे को दिखाने आए दंपती को पुलिस ने लौटाया

शाहजहांपुर के खुटार क्षेत्र की रहने वाली ममता के दो साल के बेटे दर्श को लेकर पति नरेंद्र मौर्य के साथ पीलीभीत आई थी। नरेंद्र ने बताया कि उनके बेटे का एक माह पूर्व हाइड्रोशील का ऑपरेशन हुआ था। राम इंटर कॉलेज के पास एक चिकित्सक के यहां से उसका इलाज चल रहा है। बेटे को दिखाने के लिए सुबह नौ बजे खुटार से चलकर बाइक से आए थे। मगर डिग्री कॉलेज चौराहा पर पहुंचते ही पुलिस ने वापस कर दिया। बेटे की तबियत के बारे में बताया लेकिन नहीं सुनी।

### सीएम का हेलीकॉप्टर नहीं उड़ा तो पुलिस ने दोबारा रोका ट्रैफिक

मुख्यमंत्री कार्यक्रम संपन्न होने के बाद पुलिस लाइन पहुंच गए थे। मगर ड्यूटी पर लगाए गए पुलिसकर्मी मुस्तैद थे। किन्हीं वजहों से हेलीकॉप्टर कुछ देर नहीं उड़ा। हवाई रूट क्लीयर न होने की बात कही गई। करीब आधा घंटा इसमें भी लग गया। ऐसे में कार से बरेली जाने की तैयारी भी की जाने लगी। इसका मेसेज भी ड्यूटी पर मुस्तैद पुलिसकर्मियों को भेज दिया गया। जिसके बाद एक बार फिर हाईवे से सटे मार्ग पर बैरियर लगाकर आवाजाही रोक दी गई। मुख्यमंत्री तो हवाई रूट क्लीयर होने के बाद चले भी गए। मगर उसके बाद भी काफी देर तक नकटादाना चौराहा पर लगा फोर्स राहगीरों को रोका रहा। उसका कहना था कि अभी उन्हें इसे लेकर कोई मेसेज नहीं मिला है। सीएम के भी सड़क मार्ग से ही जाने की बात कहते रहे। बाद में जब अन्य जनप्रतिनिधियों की गाड़ियां पुलिस लाइन से वापसी करती दिखी तो ट्रैफिक क्लीयर किया गया।

### पत्नी को दिखाने आए थे, बैरंग लौटना पड़ा

बरखेड़ा क्षेत्र के पौटाकलां गांव के निवासी मोहम्मद सोहेल ने बताया कि उनकी पत्नी नाहिजा की तबीयत खराब थी। पत्नी को राम इंटर कॉलेज रोड पर एक अस्पताल में दिखाने के लिए आए थे। मगर डिग्री कॉलेज चौराहा पर प्रवेश नहीं दिया। दूसरे रास्ते भी बंद थे। मौजूद पुलिस कर्मियों को अपनी पीड़ा बताई, लेकिन रास्ता नहीं मिल सका। बता दें कि उस वक्त तक मुख्यमंत्री भी पीलीभीत नहीं आ सके थे।



### दुकानें बंद रहीं, ठेले हटवाए सड़कों पर रहा सन्नाटा

मंगलवार के दिन बाजार की साप्ताहिक बंदी रहती है। मगर गांधी स्टेडियम रोड समेत अन्य मार्गों पर आवाजाही होती रहती है। अधिकांश दुकानें भी खुलती है। मगर पुलिस प्रशासन की ओर से इन्हें भी बंद करा दिया गया। ठेले भी एक दिन पहले ही हटवा दिए गए थे। जिससे दिन भर सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

सुबह से आवागमन बंद करने का कोई आदेश नहीं था। मुख्यमंत्री के आगमन से कुछ देर पहले प्रवेश बंद करने के निर्देश ड्यूटी पर मौजूद फोर्स को दिए गए थे। मरीज और एंबुलेंस के आने-जाने पर रोक नहीं थी। अगर ऐसा हुआ है तो मेरे संज्ञान में नहीं हैं। इसकी जानकारी की जाएगी।

**-विक्रम दहिया**, एएसपी

## सुबह नौ से शाम छह बजे तक बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**पूरनपुर, अमृत विचार:** पूरनपुर क्षेत्र में गेहूं की फसल लगभग पक चुकी है। किसान फसल की कटाई की तैयारी में हैं। खेतों के ऊपर से गुजरी बिजली की लाइन से निकली चिंगारी गिरने से फसलों में आग लग चुकी है। जिससे काफी नुकसान पहुंचता है। कुछ दिन पूर्व भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने एसडीओ को पत्र सौंपकर एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक ग्रामीण क्षेत्र की बिजली सप्लाई दिन में बंद करने की मांग की थी। जिसमें बताया था कि इन दिनों तेज हवा चलने से तारों के रगड़ने से स्पार्किंग होने का खतरा बना रहता है गेहूं की कटाई तक ग्रामीण क्षेत्र में सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। एक्सईएन प्रशांत गुप्ता ने बताया कि गेहूं की कटाई तक ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति दिन में एहतियात के तौर पर बंद रहेगी। उसके बाद पुराना शेड्यूल लागू हो जाएगा।

## सीमांकन: संपूर्णानगर वन क्षेत्र चिह्नित

संवाददाता, पूरनपुर

● चैनेलाइजेशन का काम जल्द शुरू होने की उम्मीद

**अमृत विचार:** संपूर्णानगर वन विभाग के रुकावट डालने से शारदा नदी किनारे चल रहा चैनेलाइजेशन का काम रोक दिया गया था। अब सीमांकन के बाद वन क्षेत्र की जमीन चिन्हित कर ली गई है। ऐसे में जल्द ही चैनेलाइजेशन का काम फिर से शुरू होने की उम्मीद है। शारदा नदी के धनाराघाट के किनारे चैनेलाइजेशन का काम चल रहा था।

मार्च के अंतिम सप्ताह में जनपद लखीमपुर के संपूर्णानगर वन क्षेत्र के अधिकारियों ने चैनेलाइजेशन का काम अपने क्षेत्र में होना बता दिया। जिसके बाद काम में अड़ंगा लग गया। काम रोक दिया गया। सोमवार को पूरनपुर तहसील से राजस्व विभाग की टीम और संपूर्णानगर वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से सर्वे शुरू किया था। मंगलवार को भी सर्वे हुआ। इसमें संपूर्णानगर वन क्षेत्र की जमीन चल रहे काम से दूर निकली।

सीमांकन होने के बाद वन क्षेत्र की जमीन चिन्हित कर दी गई। जल्द ही पूरनपुर राजस्व क्षेत्र में चैनेलाइजेशन का काम शुरू किया जाएगा। नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि सीमांकन का काम लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही चैनेलाइजेशन का काम किया जाएगा।



सर्वे के दौरान अभिलेख देखते टीम में शामिल कर्मचारी। ● अमृत विचार

## टैक्सी स्टैंड के टेंडर की समय सीमा खत्म पर वसूली जारी

**पूरनपुर, अमृत विचार:** नगर पालिका की ओर से किए गए चार टैक्सी स्टैंड की अवधि समाप्त हो गई है। फिर भी वसूली जारी है। इससे वाहन चालकों में रोष है। नगर पालिका की ओर से नवंबर 2023 में टैक्सी स्टैंड के टेंडर हुए थे। चार लाख में चार टैक्सी स्टैंड के टेंडर किए गए। इसमें आसाम रोड का सिरसा चौराहा, पीलीभीत मैजिक अडडा, माधोटांडा और खजुरिया बस स्टैंड पर टेंडर के तहत वाहनों की रसीद काटी जा रही थी। इस दौरान मैजिक, टेंपो और बसों का निर्धारित बीस और पचास रुपए का शुल्क वसूला जा रहा था। टेंडरों से नगर पालिका की आय में भी वृद्धि हुई। 31 मार्च को टेंडरों की अवधि समाप्त हो गई। इसके बाद वाहनों से अवैध उगाही की जाने लगी है। बिना रसीद दिए ही चालकों से 50 और 100 रुपए वसूले जा रहे हैं। वाहन चालक उगाही करने वालों की शिकायत भी नहीं कर पाते।

## बिना किताबों के पढ़ाई कर रहे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● परिषदीय विद्यालयों में नहीं सुधर पा रहीं व्यवस्थाएं, अफसरों के दावे हवा हवाई

● शासन की ओर से कक्षा एक और दो के बच्चों की किताबों की खरीद अधर में लटकी

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा के परिषदीय स्कूलों में नया शैक्षिक सत्र शुरू हो चुका है। अभी भी बच्चों के हाथ में किताबें देने के दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। सोमवार एक अप्रैल को परिषदीय स्कूल खुल गए, लेकिन अधिकतर बच्चों को अभी तक किताबें नहीं मिल पाई हैं।

आलम यह है कि अभी कक्षा एक और दो की किताबों की खरीद प्रक्रिया शुरु नहीं हो सकी है। विभाग का तर्क है कि इस बार कक्षा एक और दो में एनसीआरटी की किताबें चलेंगी। जिसकी प्रक्रिया शासन स्तर से पूरी होगी। इन कक्षाओं की किताबें जून-जुलाई में मिलने की उम्मीद है। बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का नवीन शैक्षिक सत्र एक अप्रैल से शुरु हो चुका है। पहले दिन करीब जिले भर के 25 फीसदी स्कूलों में किताबों का वितरण नहीं हो सका। जबकि विभाग की ओर से कई दिन पहले ही कक्षा तीन से आठ तक की किताबों की खरीद करने के बाद बीआरसी को भिजवा दी गई थी। विभाग की ओर से करीब 15 लाख से अधिक किताबों का ऑर्डर फर्म को दिया गया था।

जिसके सापेक्ष करीब 13 लाख किताबें जिले आई थी। फिर स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के हाथ में पहले दिन किताबें नहीं पहुंच सकी। यहां तक कि कक्षा एक व दो के बच्चों को दी जाने वाली किताबों को लेकर विभाग में अभी तक कोई सुगबुगाहट नहीं है। क्योंकि इन कक्षाओं की किताबों का अभी तक प्रकाशन तय नहीं हो सका है। जब इनका प्रकाशन हो जाएगा तब यह किताबें यहां आएंगी और विद्यालयों में भिजवाई जाएंगी। करीब पांच लाख से अधिक किताबों की खरीद की जानी है।

विभाग के कर्मचारियों की मानें तो इस बार कक्षा एक और दो में एनसीआरटी की किताबें चलेंगी। जिसको लेकर अभी ऊपर से ही तय नहीं हो सका। जिनकी प्रक्रिया पूरी होने में करीब दो माह का समय लगेगा। तब तक गर्मी की छुट्टियां भी आरंभ हो जाएंगी। इस तरह देखा जाए तो इन बच्चों को जुलाई माह में ही किताबें मिल सकेंगी। तब तक शिक्षकों को इनकी पढ़ाई पुरानी किताबों से ही करानी होगी।

नए शैक्षिक सत्र में जो किताबें अभी तक आई थी। उनका वितरण करा दिया गया है। कक्षा एक और दो की किताबों का निर्णय शासन स्तर से तय होगा। जैसे ही किताबें मिलेंगी, उनका भी वितरण कराया जाएगा।

**- अमित कुमार**, बीएसए

### बरखेड़ा थाने में किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 मार्च को वह काम से गई थी। घर पर सत्रह वर्षीय पुत्री थी। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे गांव का ही संजीव कुमार पुत्री को फुसलाकर ले गया। काफी तलाशने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को समर्थन देगी भाकपा माले, बैठक हुई

**पीलीभीत।** भाकपा माले कार्यालय पर मंगलवार को वामपंथी दलों की बैठक हुई। जिसमें इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को समर्थन देने की बात तय की गई। जिला सचिव देवाशीष राय ने , जिला मंत्री भीमसेन शर्मा ने संयुक्त बयान जारी किया। कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर जिला प्रभारी आफरोज आलम, दिगंबर देव, प्रहलाद, टेकचंद वर्मा, एडवोकेट शम्स विकास, लालता प्रसाद, गंगाराम, सपा नेता शेर सिंह गंगवार आदि मौजूद रहे।

आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की
न्यूनतम योग्यताः- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## बच्चों को कैसे बनाएंगे निपुण, जिले के 363 शिक्षकों ने नहीं लिया प्रशिक्षण

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** वित्तीय सत्र समाप्त होने से साढे तीन सौ से अधिक शिक्षक प्रशिक्षण से वंचित रह गए। बच्चों को भाषा और गणित दो विषयों में निपुण बनाने के लिए बीआरसी पर प्रशिक्षण दिया जा रहा था। अब प्रशिक्षण से छूटे शिक्षकों के सामने बच्चों को दोनों विषयों में पारंगत करना चुनौती से कम नहीं है।

प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को भाषा और गणित में निपुण बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र पर 11 मार्च को प्राथमिक स्कूल के शिक्षक और शिक्षामित्रों का प्रारंभिक स्तर पर भाषा और गणित का प्रशिक्षण शुरू हुआ। 26 मार्च तक चले इस प्रशिक्षण में रोजाना 50 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बच्चों को गणित और भाषा में निपुण बनाने के बारीकी से तरीके बताए गए। पूरनपुर क्षेत्र के कुल 1063 शिक्षक और शिक्षामित्र को 31 मार्च तक प्रशिक्षण दिया जाना था। निर्धारित समय में 700 शिक्षकों को ही प्रशिक्षण दिया जा सका। 31 मार्च को वित्तीय सत्र समाप्त होने से शेष 363 शिक्षक प्रशिक्षण से वंचित रह गए। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों को दोनों विषयों को पढ़ाने के बारे में विधिवत जानकारी दी गई जिससे वह बच्चों को उसी आधार पर शिक्षित कर सकें। इसके अलावा जिन शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया उन्हें लंच का भुगतान नहीं मिल सका, जोकि उनके खातों में 170 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से होना है।

खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने बताया कि वित्तीय सत्र समाप्त होने से कुछ शिक्षक वंचित रह गए हैं। शासनादेश मिलने पर उन शिक्षकों को आगामी दिनों में प्रशिक्षित किया जाएगा।

### खाते से निकाली जा रही धनराशि, महिला परेशान

**बरखेड़ा।** क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर पट्टी की निवासी बेबी पत्नी रामपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर एयरटेल पेमेंट बैंक का खाता आधार व किसी अन्य के मोबाइल नंबर से बना लिया। उसके खाते से डीबीटी के माध्यम से आने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, विधवा पेंशन, गैस की सब्सिडी आदि की धनराशि निकाली जा रही है। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

## अलर्ट: इंडो-नेपाल बार्डर पर कांबिंग शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पीलीभीत टाइगर रिजर्व प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। इंडो-नेपाल बार्डर से सटे जंगल क्षेत्र में एसएसबी के साथ संयुक्त कांबिंग शुरू की गई है। वहीं, फील्ड डायरेक्टर ने जोन स्तरीय प्रवर्तन दल के प्रभारी को कैंप कर बराही एवं हरीपुर रेंज में रेंजरों के साथ सघन गश्त करने के निर्देश दिए हैं।

जनपद की सीमा नेपाल से लगती है। इसमें माधोटांडा क्षेत्र के पिलर संख्या 17 से 28 तक हजारा क्षेत्र में पिलर संख्या 31 तक दोनों देशों की सीमाएं मिलती है। खुली सीमा होने के चलते कई इलाकों में नेपाल बॉर्डर से होकर लोगों की आवाजाही रहती है। यहां के लोग नेपाल और नेपाल के लोग भारत में काम करने आते हैं। सीमा पर एसएसबी जवान सुरक्षा की कमान संभाले हुए हैं। वहीं पुलिस की भी सीमावर्ती इलाकों में चौकियां है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीमा पर खासी चौकसी बरती जा रही है।

इधर लोकसभा चुनाव को लेकर पीटीआर प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। पीटीआर की बराही रेंज की सीमा इंडो-नेपाल बार्डर से लगती है। ऐसे में इस रेंज में विशेष निगरानी के साथ अन्य सभी रेंजों में रेंज अधिकारियों द्वारा सघन गश्त की जा रही है। बराही रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी पीयूष मोहन श्रीवास्तव ने वनकर्मियों और एसएसबी जवानों के साथ सीमा से सटे इलाकों में संयुक्त कांबिंग शुरू की है। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी रेंजों के क्षेत्रीय वन अधिकारियों से जंगल क्षेत्र में सघन गश्त करने के निर्देश दिए हैं।

वहीं फील्ड डायरेक्टर विजय सिंह ने जोन स्तरीय प्रवर्तन दल के प्रभारी एनके जोशी को पीटीआर में कैंप कर बराही एवं हरीपुर रेंज में रेंजरों के साथ सघन गश्त करने के निर्देश दिए हैं।



इंडो-नेपाल बार्डर के समीप एसएसबी के साथ कांबिंग करते बराही रेंजर और वनकर्मी।

लोकसभा चुनाव को लेकर पीटीआर में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। बराही रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी द्वारा एसएसबी के साथ संयुक्त कॉबिंग की जा रही है। अन्य सभी रेंजों में भी सघन गश्त के निर्देश दिए गए हैं।

**-मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर**, पीटीआर

रमज़ान मुबारक
तेईसवां रोज़ा इफ्तार 03 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:34 बजे
शिया - 06:40 बजे
चौबीसवां रोज़ा सहरी 04 अप्रैल 2024
सुन्नी - 04:33 बजे
शिया - 04:26 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


# विकास और विरासत पर केंद्रित रहा 29 मिनट का भाषण

वैभव शुक्ला, पीलीभीत


प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- युवा, किसान, महिला और व्यापारियों पर की बात, मोदी सरकार के पिछले 10 सालों के काम गिनाए
- कानून व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए कामों पर रहा फोकस यूपी में हुए पहले के दंगों और परिवारवाद पर विपक्ष को घेरा

**अमृत विचारः** सांसद वरुण गांधी का टिकट कटने के बाद हाईप्रोफाइल बनी पीलीभीत सीट पर भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्ध सम्मेलन में अपने 29 मिनट के भाषण के दौरान सब कुछ कह दिया। उन्होंने हर वर्ग को साधने का प्रयास किया। उनका पूरा भाषण विरासत और विकास पर केंद्रित रहा। विपक्ष को घेरने के लिए परिवारवाद और यूपी के पूर्व में हुए दंगे गिनाए। हिंदुत्व कार्ड भी खेला, लेकिन कम शब्दों में। मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों में भी जोश भरा। हालांकि चुनाव में इसका कितना असर होगा और वोट के रूप में जितिन प्रसाद के लिए फायदेमंद होगा यह तो जनता ही तय करेगी। फिलहाल मुख्यमंत्री के आने से सियासत गरमा गई है।विपक्ष की चुनौतियां सीएम योगी यह कहकर बढ़ा गए कि अभी तो नौ अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां आएंगे और उस दिन वह भी दोबारा आएंगे।

शहर के सनातन धर्म राम इंटर कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए भाजपा के फायर ब्रांड नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। दोपहर करीब 12 बजे मुख्यमंत्री मंच पर पहुंचे तो जनप्रतिनिधियों और संगठन के नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।जय श्रीराम और वंदेमातरम के उद्घोष के साथ योगी ने अपने भाषण की शुरुआत की। पीलीभीत की जनता को साधने के लिए सबसे पहले उन्होंने यहां की विरासत को बयां किया। फिर चाहे पवित्र गोमती उद्गम स्थल हो या फिर जनपद की पहचान बांसुरी। पीलीभीत की पावन धरा को नमन किया। फिर कहा कि जनपद पीलीभीत इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि तराई के इस क्षेत्र में सोना उगाने वाले अन्नदाता हैं, तो वहीं बांसुरी की धुन से कन्हैया का स्मरण कराने वाले हस्तशिल्पी भी हैं। पीलीभीत के जंगल की भी तारीफ की। मुख्यमंत्री ने नरेंद्र मोदी सरकार के पिछले 10 सालों के कामों को गिनाते हुए विकसित होते भारत की तस्वीर बयां की। फिर चाहे देश की अर्थव्यवस्था की ही बात क्यों न हो। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि नरेंद्र मोदी को अगर जनता ने तीसरी बार मौका दिया तो महज तीन साल के भीतर भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। बदलते भारत की बात कहते हुए विपक्षी दलों सपा-बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। कानून व्यवस्था, बेराजगारी, महिला सुरक्षा, किसान, व्यापारी, उद्योगपति, शिक्षक, अधिवक्ता, डॉक्टर आदि प्रबुद्धजनों को साधते चले गए। यूपी में भाजपा सरकार से पहले होने वाले दंगों को बताया और अब धूमधाम से निकाली जा रही कांवड़ यात्राओं से जोड़ दिया। अयोध्या धाम में भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण पर भी बोले। विपक्षियों को ये कहकर घेरा कि पहले तो आस्था से ही खिलवाड़ हो जाता था। नतीजतन कम समय में सीमित शब्दों में हर वर्ग को साधने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबुद्धजन सम्मेलन में करते दिखाई दिए।

## बाहरी का मुद्दा न गरमाए, इसका भी कर गए इंतजाम

लोकसभा चुनाव में वरुण गांधी का टिकट कटने के आसार बनते ही दावेदारों की फेहरिस्त बढ़ गई थी। बाहरी प्रत्याशी का मुद्दा भी कुछ दावेदारों के समर्थकों ने उठाया था। मतदाताओं के बीच से भी आवाज उठी थी। अब जितिन प्रसाद भाजपा के प्रत्याशी है। विपक्षी दल बसपा इस मुद्दे को हवा दे भी रही है। ऐसे में बाहरी का मुद्दा न गरमाए इसका भी सीएम योगी इंतजाम कर गए। उन्होंने मंच से साफ कहा कि जितिन प्रसाद आपके बीच के ही पीलीभीत के नेता है। कभी भी आप उनसे मिल सकेंगे। लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री रहते कई काम करा चुके हैं, आगे और कराएंगे।

# मुख्यमंत्री के संबोधन के बीच मंच पर गश खाकर गिरा सुरक्षाकर्मी


मंच पर गश खाकर गिरे सुरक्षाकर्मी को संभालते साथी और मुड़कर देखते नेता।

**पीलीभीत, अमृत विचारः** सीएम योगी के संबोधन के दौरान मंच पर मौजूद एक सुरक्षाकर्मी अचानक गश खाकर गिर पड़ा। यह देख मंच पर खलबली मच गई। साथी सुरक्षाकर्मियों ने उसे संभाला। हालांकि पांच मिनट बाद ही उसकी हालत में सुधार हो गया, जिसके बाद सुरक्षा में मुस्तैद हो गया।

मंगलवार दोपहर प्रबुद्धजन सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनता को संबोधित कर रहे थे। मंच पर तमाम नेता और उनके सुरक्षाकर्मी मौजूद थे। इसी बीच मंच पर मुख्यमंत्री के पीछे की तरफ खड़ा एक सुरक्षाकर्मी अचानक गश खाकर गिर गया। उसे गिरते देख दूसरा सुरक्षाकर्मी संभालने को पहुंच गया। सुरक्षा कर्मी को मंच पर ठीक से बैठाया गया। कुछ देर बाद हालत में सुधार होने पर उसने फिर सुरक्षा की कमान संभाल ली।

# मुख्यमंत्री ने विकास, रोजगार और कानून व्यवस्था पर गिनाईं उपलब्धियां

## प्रबुद्ध सम्मेलन में योगी आदित्यनाथ बोले- चुनाव फैमिली फर्स्ट बनाम नेशन फर्स्ट और माफिया राज बनाम कानून राज के बीच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के चुनाव प्रचार के लिए प्रबुद्ध सम्मेलन करने पीलीभीत आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास, रोजगार और कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार में हुए कामों को गिनाया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी सरकारों पर भी सियासी तीर चलाए। कहा कि यह चुनाव फैमिली फर्स्ट बनाम नेशन फर्स्ट और माफिया राज बनाम कानून व्यवस्था के बीच है। सपा -बसपा और कांग्रेस आएगी तो माफिया राज लाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार के मंत्री और भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के पक्ष में वोट देने की अपील की।

शहर के राम इंटर कॉलेज मैदान पर मंगलवार को प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित किया गया। जहां सुबह से ही पदाधिकारी, कार्यकर्ता पहुंचना शुरू हो गए थे। दोपहर करीब 12 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्य पहुंचे। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले अविश्वास था। देश को लेकर कोई सोच नहीं थी। जनता के मन में सरकार के प्रति विश्वास नहीं रह गया था। देश में उग्रवाद और नक्सलवाद हावी था। आपस में जातीय वैमनस्यता की खाई इतनी चौड़ी थी कि कोई व्यक्ति अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं करता था। उत्तर प्रदेश का कोई कस्बा और जनपद नहीं बचा था, जहां के लोगों ने दंगा और कर्फ्यू न सहा हो। बेटियां, व्यापारी सुरक्षित नहीं थे, उद्यमी पलायन कर रहा था। आज 2024 में दुनिया के अंदर भारत का सम्मान बढ़ा है। देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। 2014 से पहले और उसके बाद का भारत काफी बदल चुका है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के 10 साल के भीतर देश का सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। कश्मीर में आतंकवाद समाप्त हुआ। किसान खुदकुशी नहीं करता और युवा पलायन नहीं कर रहे। नौजवान स्टार्टअप करते हैं। अब यूपी में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त है और अपराधी माफिया पस्त हैं। यूपी में अब दंगे नहीं होते।

उन्होंने पीलीभीत के विकास में स्थानीय नेताओं के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि कहा कि पीलीभीत में जो विकास हुआ है, उसका श्रेय यहां के जनप्रतिनिधियों को जाता है। पीलीभीत में मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए जिन किसानों की जमीन जंगल के किनारे पड़ रही है। वहां इलेक्ट्रिक फेंसिंग कर जंगली जानवरों से बचाने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों और माफिया की जगह जेल होनी चाहिये। यह तय करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति की सरकार चाहिए, यह कार्य भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में ही हो सकता है। यह चुनाव फैमिली फर्स्ट बनाम नेशन फर्स्ट और माफिया राज बनाम कानून राज के बीच होने जा रहा है। सपा हो या कांग्रेस उनकी ओर से उस पार्टी का अध्यक्ष केवल एक खानदान का ही व्यक्ति हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते कहा कि भाजपा में सामान्य गरीब परिवार से निकलकर पूरा जीवन देश के लिए समर्पित कर दें, उनके लिए 140 करोड़ की जनता ही उनका परिवार है।


कार्यक्रम के दौरान मंच पर मुख्यमंत्री को माला पहनाकर स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी। ● अमृत विचार


कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री के कटआउट के साथ फोटो खिंचाते लोग।


कार्यक्रम स्थल पर महिला से काला दुपट्टा उतरवाते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार


पुलिस लाइन में बने हेलीपैड पर मुख्यमंत्री के साथ प्रत्याशी जितिन प्रसाद व अन्य।



जनता को संबोधित करते जितिन प्रसाद।

- यूपी में अब कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त और अपराधी एवं माफिया पूरी तरह पस्त हैं
- मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए इलेक्ट्रिक फेंसिंग करने का दिया भरोसा

### कोई जुलूस तो कोई ढोल नगाड़े के साथ पहुंचा

मुख्यमंत्री के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को लेकर हर कोई अपने रंग में नजर आया। भाजपा महिला मोर्चा की तमाम सदस्य सिर पर भगवा टोपी लगाए ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। वहीं राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता भी जोश से भरे नजर आए। तमाम कार्यकर्ता गौहनिया चौराहे से हाथों में पार्टी का झंडा लिए पैदल ही जुलूस की शक्ल में सभास्थल तक पहुंचे।


कार्यक्रम स्थल से कुछ दूर पर ड्रिगी कॉलेज चौराहे पर सांड को दौड़ाता कर्मचारी।

### सीएम के आने पर छुट्टा पशुओं को दौड़ाती रहीं टीमें

कार्यक्रम स्थल से मात्र दो सौ मीटर दूर ड्रिगी कॉलेज चौराहे पर सांड को भगाते कर्मचारी। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कुछ दिन पहले से छुट्टा पशुओं को पकड़ने की कवायद शुरू हो गई थी। कार्यक्रम वाले दिन कोई छुट्टा पशु नजर न आए, इसको लेकर कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई, इसके बावजूद मंगलवार को शहर सड़कों पर जहां-तहां छुट्टा पशु घूमते नजर आए। एक सांड तो एसपी के काफिले में चल रही एक गाड़ी से टकरा भी गया था।

### कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

प्रबुद्ध सम्मेलन में प्रत्याशी जितिन प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, क्लस्टर इंचार्ज सुरेश राणा, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, जिला प्रभारी गुलशन आनंद, लोकसभा प्रभारी डॉ. सुधीर गुप्ता, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष रजनीकांत माहेश्वरी, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, लोकसभा संयोजक दीपक अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, पीसीयू सभापति सुरेश गंगवार, पूर्व मंत्री डॉ. विनोद तिवारी, जिला महामंत्री लेखराज भारती, जिला पंचायत अध्यक्ष के पति गुरुभाग सिंह, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत, पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, नगर पालिका पीलीभीत चेयरमैन डॉ.आस्था अग्रवाल, पूरनपुर चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### काले कपड़े पहने लोगों को सम्मेलन में जाने से रोका

प्रबुद्ध सम्मेलन में काले रंग को लेकर खासी सख्ती रही। सम्मेलन स्थल के गेट पर लगे सुरक्षाकर्मी सम्मेलन में पहुंचने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जांच पड़ताल करने के बाद ही अंदर जाने दे रहे थे। इस दौरान काले रंग के कपड़े पहने पहुंचे पुरुषों और महिलाओं को कार्यक्रम स्थल पर जाने से रोक दिया गया। खास बात यह रही कि नेताओं के साथ आए कुछ लोगों द्वारा काले कपड़े पहने होने के बावजूद उन्हें प्रवेश दे दिया गया।


भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### पहले युवाओं के हाथ में लहराते थे तमंचे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सभी ने पिछली सरकारों को देखा है। यह लोग युवाओं के हाथ में तमंचे थमाते थे। हमारी सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के साथ हाथ में टेबलेट दिए हैं। सपा-बसपा की सरकार में कर्फ्यू लगता था, हमने कर्फ्यू मुक्त प्रदेश बनाया। आज कांवड़ यात्रा निकाली जाती है।

## टनकपुर रेलखंड पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**पीलीभीत।** टनकपुर जाने वाली ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। गेटमैन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। हादसा मंगलवार सुबह करीब साढ़े दस बजे का है। पीलीभीत-टनकपुर रेलखंड पर एक ट्रेन आ रही थी। तभी न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर में रेलवे क्रॉसिंग के पास एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिसमें उसकी जान चली गई। रेलवे के गेटमैन ने मामले की सूचना रेलवे के अधिकारियों और पुलिस को दी। न्यूरिया पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। आसपास के लोगों से संपर्क किया तो शव की पहचान थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम सिरसा सरदाह निवासी 30 वर्षीय भारत सिंह पुत्र दशरथ सिंह के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि भारत सिंह सोमवार सुबह आठ बजे अपने घर से ससुराल जाने की बात कहकर घर से निकला था। उसकी ससुराल न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम मैदना में है। उसकी शादी दो साल पहले हुई थी। उसका तीन माह का बेटा भी है। मृतक की बहन की शादी भी ग्राम बिथरा में हुई है। परिजनों ने बताया कि पिछले एक साल से उसको दौरा पड़ने की बीमारी थी। एसओ न्यूरिया प्रदीप विश्नोई ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है।

## फंदे से लटका मिला हरदोई के युवक का शव

**पीलीभीत।** माता पूर्णागिरि के दर्शन करने के लिए दोस्तों के साथ हरदोई से आए युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव मंगलवार सुबह रेलवे स्टेशन के नजदीक माल गोदाम रोड पर पेड़ पर दुपट्टे से बने फंदे से लटका मिला। पता लगने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। मामला सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के बल्लभनगर कॉलोनी के पास रेलवे मालगोदाम रोड का है। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे एक युवक का शव फंदे से लटका लोगों ने देखा। इसकी चर्चा फैली तो भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर यूपी 112 और सुनगढ़ी इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे। शव को फंदे से उतरवाने के बाद उसकी शिनाख्त का प्रयास किया गया। तभी स्टेशन की ओर से आए कुछ लोगों ने शव की शिनाख्त अपने दोस्त हरदोई जिले के थाना मड़ियांव क्षेत्र के गांव अजीतपुर निवासी 35 वर्षीय श्रवण कुमार पुत्र शिशुपाल के रूप में की। उन लोगों ने पुलिस को बताया कि वे लोग रविवार को मां पूर्णागिरि के दर्शन करने के लिए निकले थे। सोमवार देर शाम पीलीभीत रेलवे जंक्शन पहुंचे। सभी ने स्टेशन पर रात्रि विश्राम किया। रात में किसी समय श्रवण वहां से चला गया। उसने सुसाइड क्यों किया उन्हें नहीं मालूम। जानकारी मिलने पर मृतक के पिता शिशुपाल भी पहुंच गए। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। मामले की जांच चल रही है।

# आठ घंटे घर में नजर बंद रहे किसान नेता

संवाददाता, माधोटांडा


किसान नेता रंजीत सिंह से वार्ता करते एसओ माधोटांडा अचल कुमार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पीलीभीत आगमन के बीच विरोध की आशंका से पुलिस प्रशासन खासा अलर्ट रहा। विरोध की आशंका पर पुलिस ने एक किसान नेता को उनके ही आवास पर नजरबंद कर दिया गया। करीब आठ घंटे बाद मुख्यमंत्री के जाने के बाद ही उन्हें छोड़ा गया।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस के साथ खुफिया विभाग पहले से सुरागरसी करने में जुटा था। इसी बीच सोमवार देर शाम को जानकारी हुई कि माधोटांडा क्षेत्र के मथना गांव निवासी अन्नदाता किसान यूनियन की युवा विंग के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह विरोध करने पहुंच सकते हैं। इस पर रात को ही एसओ माधोटांडा अचल कुमार किसान नेता रंजीत सिंह के घर जा पहुंचे और वार्ता की। किसी तरह का विरोध प्रदर्शन न करने को कहा। इसके बाद एसओ लौट गए। मगर पुलिस निगरानी करती रही। मंगलवार सुबह करीब छह बजे दो सिपाही रंजीत सिंह के घर जा पहुंचे उन्हें आवास में ही नजरबंद कर लिया। जब तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद में रहे पुलिस रंजीत के आवास पर मुस्तैद रही। बताते हैं कि किसान नेता लखीमपुर खीरी से अजय मिश्र टेनी को टिकट देने और वरुण गांधी का टिकट कटने से नाराज थे।

## जंगल से उठी चिंगारी से तीन छप्पर जले

**पूरनपुर, अमृत विचारः** जंगल में लगी आग की चिंगारी गांव तक पहुंच गई। इसके बाद तीन छप्पर जल गए। ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। सूचना देने पर राजस्व टीम ने मौका मुआयना किया। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव खिरकिया बरगदिया हरीपुर रेंज के जंगल के समीप है। जंगल में कई दिनों से आग जल रही है। मंगलवार को जंगल की आग से एक चिंगारी खिरकिया बरगदिया गांव की तरफ पहुंच गई। चिंगारी से लगी आग में गांव के सुरेंद्र, सीतम पत्नी विजय और सीताराम के छप्पर में आग लग गई। हादसे के समय गृहस्वामी घर पर मौजूद नहीं थे। घर में रखा सारा सामान कपड़े, बर्तन, नगदी आदि सामान जल गया।

# तीन अप्रैल से घर-घर बांटी जाएंगी मतदाता पर्चियां

संवाददाता, पूरनपुर

- ब्लॉक सभागार में सुपरवाइजर और बीएलओ की बैठक आयोजित


पूरनपुर ब्लॉक में आयोजित बैठक में मौजूद सुपरवाइजर। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** ब्लॉक सभागार में मंगलवार को सुपरवाइजर एवं बीएलओ की लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि सभी सुपरवाइजर अपने क्षेत्र की मतदाता पर्ची, अल्फावेट मतदाता सूची और निर्वाचक नामावली प्राप्त कर लें। सभी पत्रावलियां बीएलओ को हस्तांतरित कर दें। तीन अप्रैल से बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता पर्ची वितरित करेंगे।

इस दौरान मतदाताओं से मतदान करने लिए सभी को जागरूक करने की भी जिम्मेदारी दी गई। कहा कि किसी भी मतदाता की पर्ची अन्य परिवार के सदस्य को न दी जाए। बाहर जाने वाले मतदाताओं के आने पर ही उन्हें पर्ची पहुंचाएं। कई बीएलओ ने एसडीएम को अवगत कराया कि मतदान के दिन मतदेय स्थल पर बगैर परिचय पत्र बैठने की अनुमति नहीं होती है। परिचय पत्र बनवाने की मांग की गई। इस पर एसडीएम ने बताया कि सभी बीएलओ के परिचयपत्र शीघ्र जारी किए जाएंगे। मतदान के दिन किसी भी बीएलओ को कोई परेशानी नहीं होगी। विधानसभा क्षेत्र के 38 सुपरवाइजरों के माध्यम से सभी बीएलओ को लोकसभा चुनाव की मतदाता पर्ची, अल्फावेट मतदाता सूची एवं निर्वाचक नामावली सूची बीएलओ वितरित की गई। बैठक में तहसीलदार वीरेन्द्र कुमार, नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित, अभिषेक त्रिपाठी, बीआरसी राजेश कुमार, अरुन कुमार प्रजापति, सुपरवाइजर सूर्यप्रकाश गंगवार, सर्वेश कुमार स्वर्णकार, राधाकृष्ण कुशवाहा, ऋषि सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# दो सचिव व पूर्व प्रधान से वसूली जाएगी रकम

## बिना काम कराए निकाली धनराशि, डीएम के निर्देश पर डीपीआरओ ने दिया रिकवरी का आदेश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** दो सचिवों ने अलग-अलग ग्राम पंचायतों में तैनाती के दौरान बिना काम कराए ही लाखों रुपये निकाल लिए। इसकी जानकारी ऑडिट के दौरान हो सकी। डीएम के आदेश पर डीपीआरओ ने दोनों सचिवों और पूर्व प्रधानों से रिकवरी का आदेश जारी किया है।

विकास खंड बिलसंडा के गांव घुघौरा में वर्ष 2013-14 में मोहम्मद रिजवान सचिव के तौर पर तैनात थे। उन्होंने पंचायत के खाते से एक अप्रैल 2013 से 27 मई 2013 के बीच 1,07,750 रुपये निकाले थे। मगर जब आडिट टीम ने सरकारी धनराशि से खरीदे गए सामान की जानकारी मांगी तो वह स्पष्ट नहीं बता पाए। पंचायत से अनुमोदित कार्य योजना, प्रस्ताव पंजिका, क्रय आदेश, कार्य पूर्ति प्रमाणपत्र आदि से संबंधित अभिलेख न होने के कारण कुछ भी स्पष्ट नहीं हो सका। टीम ने मनमाने ढंग से पंचायत के खाते से रुपये निकालकर गबन करने का मामला पाया। इस पर सचिव और प्रधान से अभिलेखों सहित साक्ष्य और स्पष्टीकरण मांगा गया, जो वे नहीं दिखा सके। ऑडिट टीम ने सचिव और प्रधान से वसूली कराने की संस्तुति करते हुए रिपोर्ट डीएम को भेज दी थी। डीएम के आदेश पर डीपीआरओ ने प्रधान और सचिव से 50- 50 प्रतिशत की वसूली कराने के आदेश जारी किए है।

इसके अलावा पूरनपुर ब्लॉक के गांव उदयकरनपुर में वर्ष 2015-16 में तैनात रहे सचिव अतुल पाठक ने बिना काम कराए 30 हजार रुपये का भुगतान कर दिया। इसका खुलासा भी ऑडिट के दौरान हुआ था। सचिव ने कई अन्य कार्यों के मद में धनराशि निकाली ली थी। सचिव से 1,33175 रुपये की वसूली की संस्तुति की गई थी। डीपीआरओ सतीश कुमार ने दोनों सचिवों से रिकवरी करने के आदेश दिए हैं। इसमें सचिव मोहम्मद रिजवान से 64,834 रुपये और सचिव अतुल पाठक से 1,33175 रुपये की वसूली सात किस्तों में उनके वेतन से की जाएगी।

> प्रकरण में दोनों सचिवों के साथ ही पूर्व प्रधानों से भी वसूली की जाएगी। रिकवरी की गई धनराशि ग्राम पंचायतों के खातों में जमा कराई जाएगी।
> –**सतीश कुमार**, डीपीआरओ

### 6.29 लाख के घोटाले में निलंबित हुआ था रिजवान

ग्रामीण इलाकों की सूरत बदलने के नाम पर कराए जाने वाले विकास कार्यों में पहले भी घपलेबाजी हो चुकी है। कुछ दिनों पहले पूरनपुर ब्लॉक में तैनात रहे सचिव मोहम्मद रिजवान को निलंबित किया गया था। उसने एक खाते में कई कामों का भुगतान कर 6 .29 लाख का घोटाला किया था। उसी पर अब बिलसंडा क्षेत्र में तैनाती के दौरान किए गए घपले की रिकवरी के आदेश हुए हैं।

# नौकरी लगवाने के नाम पर 5.30 लाख ठगे

**सिंधौली, अमृत विचार:** नौकरी लगवाने के लिए युवक को साढ़े पांच लाख रुपये ठगने वाले के विरुद्ध पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

शाहजहांपुर के मोहल्ला महमंद हद्दफ़ निवासी प्रोफेसर इफजालुरेहमान खां ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर बताया कि उनके पुत्र फैज उर रहमान खां ने दंत चिकित्सा की पढ़ाई की है। शहर के ही मोहल्ला तिलहर जई निवासी राजकुमार गौतम ने उनके पुत्र की नौकरी राजकीय मेडिकल कालेज में लगवाने के लिए उनसे 11 लाख रुपये तय किये थे। तय रकम का आधा साढ़े पांच लाख उन्होंने राजकुमार गौतम को एडवांस दे दिया था। आधा रुपया पहुंच जाने के बाद आरोपी ने दो लाख रुपये की मांग और करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या का बहाना किया। प्रोफ़ेसर को राजकुमार की बातों से ठगी का अंदाज हुआ तो उन्होंने पुलिस को तहरीर दी।

# नौ को पीलीभीत आएंगे मोदी



बैठक में मौजूद कलस्टर इंचार्ज पूर्व मंत्री सुरेश राणा व अन्य भाजपाई। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने संभाली कमान, बैठक कर सौंपी जिम्मेदारी**

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ अप्रैल को पीलीभीत आएंगे।

भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव के कलस्टर इंचार्ज व पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने मंगलवार को कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। प्रधानमंत्री रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गईं। यह पहला मौका है जब प्रधानमंत्री पीलीभीत आ रहे हैं। ऐसी व्यवस्था की जा रही कि रैली स्थल तक जनपदवासी हर्षोल्लास और ढोल मजीरे के साथ पहुंचेंगे। शहर के प्रत्येक मोहल्ले और गली से कार्यकर्ता भजन कीर्तन करते हुए पहुंचे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, लोकसभा चुनाव प्रभारी विधान परिषद सदस्य डॉ. सुधीर गुप्ता, लोकसभा चुनाव के जिला संयुक्त बार एसोसियेशन अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट आदि रहे।

# संचारी पखवाड़ा शुरू, रैली निकाली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



जागरूकता रैली निकालते सीएमओ व कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एक अप्रैल से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की शुरुआत की गई। पहले दिन जागरुकता रैली निकाली गई, जिसे सीएमओ ने झंडी दिखाकर रवाना किया। नगर पालिका ने शहर के विभिन्न वार्डों में साफ-सफाई कराई। मलिन बस्तियों में लोगों को जागरूक किया गया।

सीएमओ कार्यालय और मलेरिया विभाग की ओर से सोमवार को शासन के निर्देश पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की गई। पूर्वाह्न 11 बजे सीएमओ डॉ. आलोक कुमार, एसीएमओ डॉ. एस के सिंह समेत विभिन्न अफसरों के साथ संचारी को लेकर जानकारी की। स्वास्थ्य कर्मियों को शपथ दिलाई गई। सीएमओ कार्यालय से संचारी रोग के प्रति जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई। रैली धुनो वाले चौराहा, सुनहरी मस्जिद, चौक बाजार होते हुए सीएमओ कार्यालय में जाकर संपन्न हुई। सीएमओ ने कहा कि संचारी रोगों से बचाव के लिए यह अभियान वर्ष में तीन बार संचालित किया जाता है। वेक्टर जनित रोगों से बचाव से जागरुक करने के साथ स्वास्थ्य विभाग की आशा एवं आईसीडीएस विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर भ्रमण कर बुखार, सर्दी, खांसी-जुकाम, टीबी, फाइलेरिया इत्यादि रोगों के संभावित रोगियों को चिह्नित कर स्वास्थ्य केंद्रों पर उनकी जांच कराने के निर्देश दिए।

### सतर्कता से होगा बीमारियों से बचाव : एसडीएम

**बीसलपुर।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर एसडीएम ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फीता काटकर शुरुआत की। उप जिलाधिकारी महिपाल सिंह ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण के लिए सतर्कता एवं जागरूकता जरूरी है । इसमें ग्राम प्रधानों को जो जिम्मेदारी दी जाती है, उसका निष्पक्षता के साथ पालन कराया जाए। जिससे प्रशिक्षण का उद्देश्य सार्थक हो सके। रोग को फैलने से रोकने के लिए जागरूकता जरूरी है। संक्रामक रोगों को फैलने से रोकने के लिए घरों के आसपास गढ्ढों में जलभराव न होने दें, साफ सफाई को दुरुस्त रखें। सीएचसी अधीक्षक डॉ. लेखराज ने बताया कि एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी व 20 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा। जिसको लेकर आशा वा एएनएम सभी बच्चों और अभिभावकों को जागरूक करेंगी। साथ ही 12 से 14 साल के बच्चों का टीकाकरण भी कराया जाए। इस मौके पर डॉ. आजम, डब्ल्यूएचओ के नवल किशोर, वीओसी चमन नूर, तैयब हुसैन मौजूद रहे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**पीलीभीत,अमृत विचार :** मां पूर्णागिरि के दर्शन करने बाइक पर जा रहे एटा के दो युवकों को टनकपुर हाईवे पर किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को दे दी है। एटा की कोतवाली सदर क्षेत्र के गांव भागीपुर निवासी 22 वर्षीय सूरज पुत्र कल्लू सिंह अपने दोस्त 21 वर्षीय साजन के साथ सोमवार को बाइक पर चंपावत (उत्तराखंड) स्थित मां पूर्णागिरि के दर्शन करने जा रहे थे। पीलीभीत -टनकपुर हाईवे पर थाना न्यूरिया क्षेत्र के गांव बिथरा में उनकी बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची न्यूरिया पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान सूरज की मौत हो गई। जबकि साजन की हालत नाजुक है। परिजनों ने बताया कि सूरज व उसका दोस्त मां पूर्णागिरी के दर्शन करने जा रहा था। एसओ न्यूरिया प्रदीप विश्नोई ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन की जानकारी करा रहे हैं। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# एनएचएम कर्मचारी संघ ने दिया ज्ञापन

**पीलीभीत, अमृत विचार:** प्रबुद्ध सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आए थे। ऐसे में संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की छह सूत्रीय समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल को सौंपा। चेयरमैन को दिए गए ज्ञापन में बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत बड़ी संख्या में कर्मचारी कार्यरत हैं।

इनको चिकित्सा बीमा एवं दुर्घटना बीमा का लाभ संस्तुति के बाद भी नहीं मिल रहा है। बीमा नीति लागू कराकर एनएचएम कर्मचारियों को चिकित्सा बीमा के रूप में पंडित दीनदयाल उपाध्याय बीमा योजना और आयुष्मान योजना से लाभान्वित किया जाए। कर्मचारियों किसी प्रकार की वेतन नीति अभी तक नहीं बनाई गई है।

जिसकी वजह से वेतन विसंगति व्याप्त है। वर्ष 2016 में बजट आवंटित किया गया था। इसके बाद वेतन विसंगति दूर नहीं हो सकी है। कर्मचारियों को ईपीएफ का लाभ दिलाया जाए। साथ ही स्थानातंरण नीति लागू की जाए। ताकि परिवार से दूर महिलाओं को फायदा मिल सके।

साथ ही मंहगाई को देखते हुए वेतन वृद्धि बढ़ने के निर्देश दिए गए। ज्ञापन फार्मासिस्ट /जिला संयोजक अंबरीश कुमार ने दिया।



चेयरमैन को ज्ञापन सौंपते जिला संयोजक अंबरीश कुमार व अन्य।

### गाय को प्राचीन पशु घोषित कराने की मांग

**पीलीभीत, अमृत विचार :** लोकतंत्र रक्षा मंच के अध्यक्ष अरुण भारद्वाज ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा। जिसमें अधिवक्ता प्रोटेक्शन बिल लागू करने, बरेली से पीलीभीत होते हुए लखनऊ तक तक ट्रेन शुरू करने, आवारा पशुओं को गोशाला भिजवाने, सड़क पर घूम रहे खूंखार कुत्तों के झुंड को पकड़वाने आदि की मांग की गई।

### यज्ञ-पूजन के साथ नए सत्र की शुरुआत

**मझोला।** चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में यज्ञ –पूजन के साथ नए सत्र की शुरुआत की गई। प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह, प्रबंधक सुरेंद्र मल्ल ने इसकी शुरुआत की। विद्यार्थियों, आचार्य बंधु और आचार्यों ने आहुति डाली। मां शारदे से प्रार्थना की गई। सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य धनपाल सिंह ने मां शारदे से सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य यजमान उमेश चन्द्र शर्मा रहे। विद्यार्थियों को प्रसाद वितरण किया गया।



# श्रद्धालुओं की बस पर पथराव, तीन घायल

संवाददाता, पूरनपुर



श्रद्धालुओं की बस पर पथराव के बाद मौके पर छानबीन करती पुलिस।

**अमृत विचार:** पूर्णागिरि से मोहम्मदी जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक निजी बस पर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। इसमें बस चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर जा पहुंची और जानकारी की। पुलिस ने बस न रोकने पर पत्थर फेंकने की बात कह रही है। हालांकि पुलिस पथराव करने वालों की पहचान करने में जुट गई है।

जनपद लखीमपुर के थाना मोहम्मदी की मियांपुर कॉलोनी से करीब 40 श्रद्धालु एक निजी बस में उत्तराखंड मां पूर्णागिरि धाम दर्शन करने गए थे। वहां से मंगलवार को बस मोहम्मदी लौट रही थी। पूरनपुर-बंडा रोड पर लुकटिहाई गांव के पास सड़क पर दोनों ओर खड़े पांच लोगों ने हाथ से इशारा करते हुए बस रुकवाने का प्रयास किया। चालक के बस नहीं रोकी तो पांचों ने बस पर पथराव कर दिया। इससे बस का शीशा टूट गया। पत्थर लगने से बस चालक रामलड़ैते पुत्र रामेश्वर घायल हो गए। दो श्रद्धालुओं सुखदेव और सपन सरकार को भी चोटें आईं। इसके बाद चालक ने जैसे ही बस रोकी तो पथराव करने वाले पांचों लोग फरार हो गए। इसकी सूचना मिलने पर थाना घुंघचाई पुलिस मौके पर जा पहुंची। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने खोजबीन की, लेकिन पथराव करने वालों की जानकारी नहीं मिल सकी। श्रद्धालुओं ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

> घटना की सूचना मिलने पर गए थे। बस न रोकने पर किसी ने एक पत्थर बस पर मार दिया। मामले की तहरीर मिली है। पत्थर मारने वालों की पहचान कराई जा रही है।
> – **आलोक सिंह**, सीओ पूरनपुर

# वेतन को लेकर आंदोलन की तैयारी में नगर पालिका कर्मी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बजट मिलने के बावजूद नगर पालिका कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला। अब बायोमेट्रिक हाजिरी के चलते कर्मचारियों के वेतन में कटौती की जा रही है। कुछ कर्मचारियों का कहना है कि अगर वेतन में कटौती की गई तो आंदोलन किया जाएगा।

नगर पालिका पीलीभीत में करीब 450 सरकारी और अस्थायी कर्मचारी कार्यरत हैं। इनमें कार्यालय में सफाई इंस्पेक्टर, बाबू लिपिक और अन्य मिलाकर 100 का स्टाफ है। सरकारी सफाई कर्मचारियों की संख्या 154 और आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की संख्या 196 हैं। मार्च माह के वेतन के पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुति पर दो करोड़ 32 लाख 21 हजार 376 रुपये का बजट जारी किया था। इस पर चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने 15 दिन का वेतन देने के निर्देश दिए थे। मगर कर्मचारी इस बात पर तैयार नहीं हुए। अब वेतन देने का समय आया तो लगभग सभी कर्मचारियों के वेतन में कटौती की चर्चाएं चल रही है। नगरपालिका में सोमवार को कर्मचारियों में बागी सुर देखने को मिले। कुछ देर के लिए कर्मचारियों ने विरोध भी किया और वेतन कटौती को लेकर ईओ लाल चंद भारती से मुलाकात कर अपनी बात रखी। कर्मचारियों का कहना था कि पूरे प्रदेश में बायोमेट्रिक से हाजिरी नहीं लगाई जा रही है। अधिकतर कर्मचारियों का फील्ड वर्क का काम है। ऐसे में वह दो वक्त हाजिरी कैसे लगा सकते हैं। इस पर ईओ ने वेतन न कटने की बात कहकर उन्हें आश्वस्त किया। नगरपालिका चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल का कहना है कि कर्मचारियों के वेतन में कटौती नहीं की जा रही है।

# गोशाला में चार और पशुओं ने दम तोड़ा, कई बीमार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** महोलिया वीरान अस्थाई गोशाला में मंगलवार को फिर से चार पशुओं की मौत हो गई। कई पशु बीमारी की चपेट में हैं। इससे पहले रविवार और सोमवार को सात पशुओं की मौत हो गई थी। अमृत विचार अखबार ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया तो अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया और सचिव, प्रधान सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए। गोशाला में भूसा, नमक और दाना भेजा गया है।

मंगलवार को सिमरा वीरान में राजकीय गोशाला के डॉ. अतुल सिंह ने अस्थाई गोशाला पहुंच कर दम तोड़ रहे करीब सात पशुओं का उपचार किया। इसके अलावा पशुओं के लिए भूसा, चार बोरी दाना (चोकर) और दो बोरी नमक भेजा गया। ग्वालों ने मृत पशुओं को ट्रैक्टर-ट्रॉली से गोशाला से कुछ दूरी पर डाल दिया है। खुटार की सिमरा वीरान गोशाला के समीप महोलिया वीरान की अस्थाई गोशाला है। इसमें करीब सात सौ पशु हैं और उनकी देखरेख करने के लिए दस ग्वाले लगाए गए हैं। इसके बाद भी पशुओं को ठीक से चारा आदि नहीं मिल पा रहा है।

तेज धूप और चारा नहीं मिलने से पशु बीमार पड़ गए थे। 31 मार्च को चार और एक अप्रैल को तीन पशुओं की जान चली गई थी। अमृत विचार अखबार में खबर छपने के बाद मंगलवार को अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेकर सचिव, प्रधान से व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। इसके बाद पशुओं के खाने की व्यवस्था की गई। साथ ही डॉ. अतुल सिंह ने अचेत अवस्था में पड़े पशुओं का उपचार किया, लेकिन अभी भी हालात बदतर हैं।

# गोशाला में मिली शराब व बीयर की केन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **देवीपुरा गोशाला में तीन गोवंश की मौत के मामले में अभी कइयों को बचा रहे अधिकारी**
- **तीन सदस्यीय टीम की जांच आख्या पर सीडीओ ने जारी किया कारण बताओ नोटिस**

**अमृत विचार:** देवीपुरा गोशाला में तीन गोवंश की मौत के मामले को लेकर हुई जांच में आखिरकार दोषियों को बचा लिया गया। इस मामले में कार्रवाई के नाम पर महज पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जबकि जांच टीम को गोशाला में हरे चारे की जगह सूखा भूसा और शराब एवं बीयर की केन पड़ी मिली थी।

देवीपुरा गोशाला में 29 मार्च को पशुओं की मौत की जानकारी मिलने पर विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं ने मौके पर जाकर हंगामा किया था। मामला प्रशासन तक पहुंचा तो मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अरविंद कुमार, बीडीओ मरौरी मृदुला ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की थी। जांच में बीडीओ द्वारा तीन पशुओं के मृत मिलने की पुष्टि की गई थी। सीडीओ धर्मेंद्र प्रसाद ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। मगर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने मृत गोवंश का बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया। इस मामले की जानकारी होने पर सीडीओ ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच करने के निर्देश दिए। टीम में शामिल मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदर और खंड विकास अधिकारी मरौरी ने मौके पर जाकर जांच की। जांच के बाद टीम ने रिपोर्ट सीडीओ को सौंप दी। जांच रिपोर्ट के मुताबिक गोआश्रय स्थल पर तीन मृत और चार पशु घायल अवस्था में मिले। हरा चारा नहीं पाया गया। चन्नी में सूखा भूसा पड़ा था। गोपालक की उपस्थिति पंजिका में केयरटेकर ओम प्रकाश के 24 से 28 मार्च तक हस्ताक्षर नहीं थे।

गोआश्रय स्थल पर शराब और बीयर की खाली केन पड़ी थी। इतना ही नहीं, दान रसीद बुक में क्रमांक 401 से 420 तक कुछ दर्ज नहीं था। जांच टीम को मौके पर दान, खाद बिक्री संबंधित कोई अभिलेख नहीं मिले। जांच टीम ने ग्राम विकास अधिकारी अनिल कुमार की लापरवाही मानते हुए रिपोर्ट सीडीओ को दी। जांच रिपोर्ट के आधार पर सीडीओ ने सचिव अनिल कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए है।

> उक्त प्रकरण में तीन सदस्यीय टीम से जांच कराई गई थी। जांच में प्रथम दृष्टया सचिव की लापरवाही सामने आई है। इस पर सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मामले में अभी और कार्रवाई होनी है।
> – **धर्मेंद्र प्रताप सिंह**, सीडीओ

हर दर्द का इलाज करते हैं



डॉ. रूप किशोर

समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक

गठिया



फालिज

जोड़ों एवं नसों का दर्द

झनझनाहट

सुन्नपन

फातिमा हॉस्पिटल

जगतपुर रोड, बरेली

9267043010

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
- डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
- दिल सम्बन्धित बीमारियां
- शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
- बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
- थायराइड, गठिया, खून की कमी
- जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
- दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफ्लाइटिस,
- लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
- गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।

समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक
रविवार को अवकाश रहेगा।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

रमज़ान मुबारक
तेईसवां रोज़ा इफ्तार - 03 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:28 बजे
शिया - 06:37 बजे
चौबीसवां रोज़ा सहरी- 04 अप्रैल 2024
सुन्नी - 04:19 बजे
शिया - 04:23 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
वारिस अली अंसारी
समाजसेवी, सदस्य जिला पंचायत
पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद
निवास : गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर खीरी

## बेरुखा मौसम : फसल में पानी लगाने को लेकर ऊहापोह, उत्पादन पर पड़ेगा असर

# पछुआ हवा चलने से सूखने लगीं गेहूं की बालियां

संवाददाता, मूड़ा सवारान

- पिछैती गेहूं वाले किसानों को ज्यादा हो रही दिक्कत

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार चल रही पछुआ हवा खेतों में लहलहा रही गेहूं की फसल के लिए आफत बन गई। खेतों में पकने की कगार पर खड़ी गेहूं की बालियां सूखने लगी हैं। सबसे अधिक परेशानी पिछैती गेहूं वाले किसानों को हो रही है। गेहूं की बालियों में दाने ग्रोथ नहीं कर पाए थे, पछुआ हवा ने उसे भी सुखा दिया।

हवा के दौरान किसान फसल में सिंचाई करें तो मुश्किल, न करें तो नुकसान। यह दुविधा उनके लिए गले की फांस बन गई है। किसानों का कहना है कि यदि हवा ज्यादा दिन तक चली तो स्थिति अधिक गंभीर हो जाएंगी। उत्पादन पर असर पड़ेगा।

मंगलवार को तेज पछुआ हवा चली। क्षेत्र के हजारों हेक्टेयर रकबे में गेहूं की खेती हुई है। गेहूं की फसल इस स्टेज पर है कि सिंचाई करनी जरूरी है लेकिन किसानों के सामने दिक्कत यह है कि सिंचाई करते हैं तो गेहूं की जड़ हवा में हिल सकती है। जड़ हिलने पर गेहूं का दाना पूरी तरह से विकसित नहीं हो पाएगा। दूसरी समस्या यह है कि सिंचाई करने से परहेज करें तो जमीन में नमी नहीं होगी। यदि नमी नहीं होगी तो गेहूं के दाने विकास नहीं कर पाएंगे। यहीं नहीं पछुआ हवा गेहूं के दाने में बने दूध को सूखा देगी। किसान पछुआ हवा के थमने का इंतजार कर रहे हैं।



खेतों में खड़ी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

> पछुआ हवाओं के चलने के कारण तापमान और गर्म हो गया है, जिससे गेहूं की फसल सूखने लगी है। ऐसे में सिंचाई की आवश्यकता होने के बाद भी खेत में पानी नहीं लगाना चाहिए। क्योंकि बालियां आने के कारण जमीन नम होते ही पौधा गिरने की संभावना रहती है। दिन का तापमान अधिक होने के कारण किसी तरह का उर्वरक या कीटनाशक भी नहीं डालना चाहिए।
> –डॉ. सुहेल, कृषि वैज्ञानिक।

# शिशुओं का रात आठ बजे तक किया जाए टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने मंगलवार को सीएमएस डॉ. ज्योति मेहरोत्रा के साथ महिला अस्पताल का जायजा लिया। उन्होंने सभी पर्चे ऑनलाइन बनाने, टीकाकरण शत प्रतिशत करने, आशाओं को निर्धारित ड्रेस में आने निर्देश दिए गए।

सीएमओ ने आयुष्मान कक्ष, लेबर रूम, आयुष्मान वार्ड, सर्जिकल वार्ड, पैथोलॉजी, एसएनसीयू कक्ष सहित परिसर का निरीक्षण किया गया। टीकाकरण कक्ष में तीन एएनएम को एक साथ टीकाकरण करते देख सीएमओ ने नाराजगी जताई और रोस्टर अनुसार ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए।

सीएमओ ने दोपहर दो बजे टीकाकरण बंद होने और नवजात को जीरो डोज न लगने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि दोपहर दो से रात आठ बजे तक वैक्सीनेशन किया जाए, जिससे रात आठ बजे तक जन्म लेने वाले बच्चों को निर्धारित टीके लग सकें। इसके बाद जन्म लेने वालों बच्चों को अगली सुबह 8:00 बजे लगाए जाएं। डिप्टी सीएमओ डॉ. अमित सिंह, डीएमएचसी लल्ला सिंह, हेल्प डेस्क मैनेजर सुष्मिता वर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### चीफ फार्मासिस्ट सेवानिवृत्त, दी विदाई

**लखीमपुर खीरी।** जिला अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट एवं स्टोर प्रभारी राकेश गुप्ता एवं सीएचसी कफारा के चीफ फार्मासिस्ट रवींद्र नाथ दास के रिटायर होने पर डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन की ओर से समारोह कर विदाई दी गई। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार कनौजिया ने सेवानिवृत्त चीफ फार्मासिस्टों को फूल माला पहनाकर अंग वस्त्र देकर खुशहाली युक्त जीवन के लिए मंगल कामना की। संचालन, सुनील शुक्ला ने किया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अनिल कुमार, सहदेव सचान, रोशन लाल, प्रसून श्रीवास्तव, सचिव इंद्र कुमार अवस्थी, सीपी पांडेय, मनोज कुमार, आशीष निरंकारी आदि मौजूद रहे।

### हाइड्रा की टक्कर से किसान घायल

**बरवर।** औरंगाबाद रोड पर स्थित एक शुगर इंडस्ट्रीज में गन्ना लेकर आए एक किसान के सिर में हाइड्रा लग गया, जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी रामजी पुत्र छोटेलाल अपना गन्ना लेकर शुगर इंडस्ट्रीज आए थे। जहां पर गन्ना उतारते समय उसके सिर से हाइड्रा टकरा गया, जिससे वह वह घायल होकर मौके पर गिर पड़े। मौजूद किसानों ने उन्हें उठाया और परिवार वालों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिवार वाले उन्हें अस्पताल ले गए और भर्ती कराया है। परिवार वालों ने शुगर इंडस्ट्रीज प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

### बंटवारे को लेकर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट

**खीरी टाउन।** कस्बा खीरी के मोहल्ला श्यामलाल पुरवा में घर के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया और जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष की महिला ने पिता-पुत्र के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला श्याम लाल पुरवा निवासी साजिदा खातून ने बताया कि उसके 6 पुत्रियां व एक पुत्र है। उसके ससुर साबिर ने अपना हिस्सा अपने पोते गुलफाम पुत्र इदरीश के नाम लिख दिया था, जबकि अभी आपस में बंटवारा नहीं हुआ है। मंगलवार को वह मजदूरी करने घर से बाहर गई थी। घर पर पुत्र और पुत्रियां थी। इसी बीच मौका पाकर गुलफाम और इदरीश ने उसके बच्चों की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी, जिससे बच्चे घायल हो गए हैं।

# संविलियन विद्यालय करनपुर में भूखे पेट पढ़ते हैं बच्चे

## विद्यालय में तीन माह से नहीं बन रहा मध्यान्ह भोजन, घुनने लगा विद्यालय के कमरे में बंद खाद्यान्न

एक्सक्लूसिव

संवाददाता, रजागंज/लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** करनपुर के संविलियन विद्यालय के बच्चों को गत तीन माह से पौष्टिक भोजन नहीं मिल रहा है। बच्चों को एमडीएम न मिलने की जानकारी विभागीय उच्चाधिकारियों को है, लेकिन सब आंख मूंदकर बैठे हैं। स्कूल की शिक्षिकाएं इसकी वजह इंचार्ज प्रधानाध्यापक का न होना बताती हैं, जबकि एमडीएम पोर्टल पर एक सीनियर शिक्षिका का नाम अंकित होना बताया जाता है।

सदर ब्लॉक के कस्बा करनपुर में संविलियन विद्यालय में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के बच्चे पढ़ते हैं। इनकी संख्या 312 है। इनमें 171 बालक और 141 बालिकाएं। इन बच्चों को भूखे पेट स्कूल में पढ़ना पड़ रहा है। क्योंकि पिछले तीन माह से मध्यान्ह भोजन नहीं बन रहा। इसकी वजह इंचार्ज प्रधानाध्यापक का इस स्कूल का चार्ज छोड़ना और इनके बाद जूनियर शिक्षिकाओं का चार्ज लेने में आनाकानी करना है। हैरत की बात तो यह है कि इस प्रकरण की जानकारी होने के बावजूद नोडल अध्यापक से लेकर बीएसए तक अंजान बने हुए हैं। बताते हैं कि तीन माह से पोर्टल पर एमडीएम की सूचना भी शून्य फीड की जा रही है।



स्कूल में मौजूद बच्चे और शिक्षिका। ● अमृत विचार



संविलियन विद्यालय करनपुर में रखे अनाज में लग गए घुन।





स्कूल की रसोई घर में पड़ा ताला। ● अमृत विचार

### बच्चों को रिपोर्ट कार्ड भी नहीं मिला

*सोमवार से नया शैक्षिक सत्र शुरू हो गया है। मगर, अब तक बच्चों को रिपोर्ट कार्ड नहीं मिला है। इसके पीछे की वजह भी इंचार्ज प्रधानाध्यापक का न होना है। स्कूल के लोगों ने बताया कि रिपोर्ट कार्ड तैयार हैं, लेकिन उस पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक के हस्ताक्षर होने हैं। इसलिए वितरण नहीं हुआ। जबकि शासन से 30 मार्च को ही रिपोर्ट कार्ड वितरण करने के आदेश थे।*

### निर्धारित मेन्यू

| अनाज | प्राथमिक स्कूल | उच्च प्राथमिक स्कूल |
|---|---|---|
| गेंहू व चावल | 100 ग्राम | 150 ग्राम |
| दाल | 20 ग्राम | 30 ग्राम |
| सब्जी | 50 ग्राम | 75 ग्राम |
| घी व तेल | 5 .00 एमएल | 7 .50 एमएल |
| प्रोटीन | 450 कैलोरी | 700 कैलारी |
| न्यूनत प्रोटीन | 12 ग्राम | 20 ग्राम |

### पौष्टिक भोजन मुहैया कराने की मुहिम को झटका

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए एमडीएम योजना शुरू की गई, जिससे बच्चों को स्कूल में ताजा बना भोजन मिल सके। इसके लिए शासन ने सोमवार से शनिवार तक का मीनू तैयार कर प्रति बच्चे को दी जाने वाली खाद्य सामग्री का मात्रा निर्धारित की। शासन के तमाम प्रयासों के बावजूद करनपुर स्थित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को भोजन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

| | |
|---|---|
| प्राथमिक विद्यालय में पंजीकृत बच्चे | 171 |
| सहायक अध्यापिका | तीन |
| उच्च प्राथमिक विद्यालय में पंजीकृत बच्चे | 141 |
| सहायक अध्यापिका | एक |
| अनुदेशक | दो |

> विद्यालय में हमसे सीनियर प्रिया त्रिवेदी हैं, इसलिए इंचार्ज प्रधानाध्यापिका का पद उनका है। इनका नाम भी एमडीएम पोर्टल पर अंकित हैं।
> –मोनिका वर्मा, सहायक अध्यापिका



> तीन दिन तक एमडीएम पोर्टल पर सूचना शून्य होने पर राज्य परियोजना कार्यालय से ही जानकारी मांग ली जाती है। यदि तीन माह से मध्याह्न भोजन नहीं बन रहा है तो यह बेहद गंभीर बात है। इस मामले की जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी मिलेगा उस पर कार्रवाई होगी।
> –प्रवीण कुमार तिवारी, बीएसए।

### इसलिए नहीं बन रहा मध्यान्ह भोजन

स्टाफ ने बताया कि तीन माह पहले तक इंचार्ज अध्यापक कमलेश दीक्षित रहे। तब तक मध्याह्न भोजन बना है। उनके इस विद्यालय का चार्ज छोड़ देने के बाद से एमडीएम बनना बंद हो गया। एक शिक्षिका ने बताया कि स्कूल में खाद्यान्न है, लेकिन इंचार्ज प्रधानाध्यापक न होने की वजह से एमडीएम नहीं बन रहा। हालांकि पोर्टल पर इंचार्ज के रूप में सीनियर सहायक अध्यापिका प्रिया त्रिवेदी का नाम दर्ज है। बावजूद भोजन न बनने से बच्चे भूखे रहने के लिए मजबूर हैं।

> मेरे चार साल के बेटे की तबीयत बेहद गंभीर है। अक्सर इलाज के लिए उसे ले जाना पड़ता है। इसलिए इंचार्ज प्रधानाध्यापक के पद की जिम्मेदारी निर्वहन नहीं कर सकती। इस संबंध में अधिकारियों को भी अवगत करा दिया है। पोर्टल पर नाम अंकित होने के बारे में जानकारी नहीं है।
> –प्रिया त्रिवेदी, सहायक अध्यापिका

# सांसद की भतीजी के पति समेत आठ पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- दरोगा की पत्नी की तहरीर पर पॉक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में मामला दर्ज

**अमृत विचारः** दरोगा पर पड़ोसी जिले के सांसद की भतीजी के साथ छेड़छाड़, मारपीट मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मंगलवार को पुलिस ने दरोगा की पत्नी की तरफ से सांसद की भतीजी के पति और सात अज्ञात के खिलाफ मारपीट, छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की है। सभी आरोपियों पर पॉक्सो एक्ट भी लगाया गया है। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की और उनकी 11 साल की बेटी के साथ छेड़छाड़ की।

नारकोटिक्स सेल में तैनात दरोगा अभय मिश्र शहर के एक मोहल्ले में पड़ोसी जनपद के सांसद की भतीजी के मकान में किराए पर रहते थे। तीन दिन पहले दोनों के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई। इसके बाद सांसद की भतीजी भाजपा सदर विधायक योगेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव के साथ कोतवाली पहुंचीं थीं। आरोप था कि दरोगा अभय मिश्रा शराब के नशे में धुत थे। उन्होंने उनके साथ मारपीट की। दुपट्टा खींचा और कपड़े फाड़ दिए। कार्रवाई को लेकर सदर विधायक कोतवाली में ही धरने पर बैठ गए थे। पुलिस ने आरोपी दरोगा, उसकी पत्नी और बेटी के खिलाफ छेड़छाड़ व मारपीट आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। अब दरोगा की एसआई पत्नी की तहरीर पर सांसद की भतीजी के पति व सात अज्ञात लोगों पर मारपीट करने और 11 साल की बेटी के साथ छेड़छाड़ करने पर पाक्सो एक्ट सहित संगीन धाराओं में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। प्रकरण की जांच राजापुर चौकी इंचार्ज संचित यादव को सौंपी गई है।

> दरोगा की पत्नी ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच चौकी इंचार्ज राजापुर को दी गई है। जांच के अनुसार आगे की कार्रवाई होगी।
> –पवन गौतम, एएसपी खीरी।

# अवैध शस्त्र व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद, दो गिरफ्तार

**मोहम्मदी, अमृत विचारः** पुलिस ने गांव पिपरिया कप्तान के निकट एक खेत के पास बनी झोपड़ी में छापा मारकर अवैध असलहा बनाते दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग गांव पिपरिया कप्तान के निकट गेहूं के खेत में पड़ी झोपड़ी में असलहे बना रहे हैं। छापा मार गांव पिपरिया कप्तान निवासी जितेंद्र और पल्हनापुर निवासी रूपराम को गिरफ्तार किया है।

मौके से एक पौनिया 315 बोर, एक तमंचा 315 बोर, एक राइफल देशी 315 बोर अर्द्धनिर्मित पुरानी, एक तमंचा पुराना 315 बोर, एक तमंचा 12 बोर पुराना व आठ जिंदा कारतूस 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर, एक कारतूस बुलट 315 बोर, तीन खोखा कारतूस 12 बोर, एक ड्रिल मशीन तीन निडिल, दो लकडी की मुठिया समेत बड़ी संख्या में बनाने के उपकरण आदि बरामद किए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

# महिला में डेंगू के साथ चिकनगुनिया की पुष्टि, भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिले में डेंगू और चिकनगुनिया के मरीज मिलने का सिलसिला शुरू हो गया है। सीएचसी निघासन के गांव लुधौरी निवासी एक महिला में डेंगू और चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है। बुखार पीड़ित महिला का इलाज लखनऊ के मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। 48 घंटे बीतने के बावजूद न तो मलेरिया विभाग की टीम गांव पहुंची है और न ही सीएचसी से कोई पहुंचा। गत तीन माह में डेंगू के तीन और मलेरिया के आठ मरीज मिले हैं। वहीं चिकनगुनिया का यह पहला मरीज है।

जिले में डेंगू के साथ चिकनगुनिया ने दस्तक दे दी है। जिस महिला में इन दोनों बीमारियों की पुष्टि हुई है वह संवेदनशील गांव लुधौरी रायपुर की निवासी है। गांव में साफ सफाई न रहने और नालियों में जमा गंदे पानी में मच्छर पनप रहे हैं। जो लोगों के लिए बीमारियों का कारण बन रहे हैं। सीएचसी निघासन के गांव लुधौरी निवासी 20 वर्षीय महिला को बुखार आने पर घरवालों ने पहले जिले में इलाज कराया। मगर, बुखार से राहत न मिलने पर मेडिकल कॉलेज लखनऊ लेकर गए। वहां पर जांच के दौरान डेंगू के साथ चिकनगुनिया की भी पुष्टि हुई। इसकी रिपोर्ट से जिले के स्वास्थ्य महकमें में हड़कंप मच गया। बता दें कि जिले में अब तक डेंगू के तीन मरीज मिले हैं। जबकि चिकनगुनिया का पहला मरीज है। हालांकि जिस महिला में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है उसकी डेंगू रिपोर्ट भी पॉजिटिव है।



गांव लुधौरी में नाली में उगी घास व जमा पानी। ● अमृत विचार

### 48 घंटे के बाद भी नहीं पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

जिस महिला में डेंगू और चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है। उसके बारे में मेडिकल कॉलेज की ओर से सूचना जिले को भेज दी गई थी। इसके बावजूद जिले से लेकर सीएचसी के जिम्मेदार गांव पहुंचने का प्रोग्राम ही बनाते रहे। सीएचसी अधीक्षक डॉ. पीके रावत ने बताया कि केस ट्रेस नहीं हो रहा है। बुधवार को जब मलेरिया विभाग की टीम आएगी, तब साथ में जाएंगे।

### यह रखें सावधानी

- फुल आस्तीन के कपड़े पहनें।
- घर व उसके आसपास पानी जमा न होने दें।
- कूलर व जानवरों को पीने के लिए रखी जाने वाली टंकियों में पानी जमा न होने दें।
- मच्छरदानी का उपयोग करें।
- घर में फ्लावर पॉट, एक्वेरियम का पानी समय पर साफ करें।

### संवेदनशील गांव है लुधौरी, फिर भी लापरवाही

निघासन सीएचसी का गांव लुधौरी मच्छर जनित बीमारियों के मामले में संवेदनशील की सूची शामिल हैं। इसके बावजूद गांव में जगह जगह पर गंदगी और जलभराव है। यह स्थित तब है जब जिले भर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है। यही कारण है कि गर्मी के शुरू होते ही गांव में बुखार के मरीजों में डेंगू से लेकर चिकनगुनिया की पुष्टि हो रही है।

> रायपुर लुधौरी निवासी एक महिला में डेंगू की पुष्टि हुई है। टीम भेजकर घर के सदस्यों की जांच कराने के साथ एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाएगा। मच्छरों से बचने के लिए लोग दिन में शरीर को पूरी तरह ढकने वाले कपड़े पहनें और रात में मच्छरदानी लगाकर सोएं।
> – हरिशंकर, जिला मलेरिया अधिकारी।

### अधिवक्ताओं ने गले मिलकर दी होली की बधाई

**निघासन।** तहसील अधिवक्ता संघ में वकीलों ने मंगलवार को होली मिलन आयोजित की। जिसमें एक-दूसरे को गुलाल लगाकर सभी का स्वागत किया और गले मिलकर होली की बधाई दी। अधिवक्ताओं ने गीत, गजल, कविताएं भी सुनाईं। लव कुमार तिवारी ने फिल्मी गाने, रामफल जायसवाल ने होली गीत, मोहम्मद लतीफ खान ने गजल सुनाई। आरपी रुहेला और राकेश वैश्य ने चुटकुला सुनाकर लोगों को हंसाया। उत्तम गुप्ता ने अवधी में गांव के परिवेश का चित्रण किया। वकीलों को सुबोध पांडेय, रमेश शर्मा, विवेक श्रीवास्तव, पंकज जायसवाल ने होली की शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष रुपेश श्रीवास्तव, उमाकांत जायसवाल, बच्चा लात तिवारी, सर्वेश मिश्रा, सर्वेश यादव, रवि गुप्ता, अरुण गुप्ता, अख्तर अली मोहम्मद इजहार, बशीर, रामप्रताप, आशीष कश्यप, विवेक श्रीवास्तव मेजर सिंह आदि वकील मौजूद रहे।

Bareilly International University
Dental College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
REQUIREMENT
Accountant (04)
Fresher may apply.
Qualification - B. Com, M. Com, CA trainee
CA drop candidate, CA intermediate.
Basic knowledge of Accounting software is must.
Contact Number/WhatsApp - 9568131000

# भ्रष्टाचार बचाओ का नारा लगा रहा इंडिया गठबंधन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार बचाओ का नारा लगा रहा है। प्रधानमंत्री कहते हैं कि भ्रष्टाचारी हटाओ, मगर इंडिया गठबंधन के नेता कहते हैं भ्रष्टाचारी को बचाओ। जिसने देश को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा, ये मोदी की गारंटी है।

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री ने अपने केन्द्रीय कार्यालय पर मंगलवार को प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता सभी खाते सीज होने का फर्जी आरोप लगा रहे हैं। हकीकत यह है कि इनकम टैक्स बकाए वाले खातों को ही सीज किया गया है। उन्होंने रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली पर टिप्पणी करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता सरकार को बदनाम कर झूठे आरोप लगा रहे हैं। बीजेपी लोकतंत्र में पूरा विश्वास रखती है। इंडिया गठबंधन दिखा रहा है कि वह एकजुट हैं, लेकिन असल में सभी पार्टियां अपना-अपना राग अलाप रही हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस समेत गठबंधन के सभी दल केजरीवाल को लेकर एकजुट दिख रहे हैं। वहीं पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक-दूसरे के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ रही है। पश्चिम बंगाल में ममता ने साथ लड़ने से इन्कार कर दिया है। उन्होंने कहा कि गठबंधन के तमाम नेता भ्रष्टाचार के मामले में जेल में है या बेल पर हैं, फिर भी भ्रष्टाचार बचाओ रैली निकाल रहे हैं। इनके नेता कभी रामचरितमानस का अपमान करते हैं तो कभी हिन्दू देवी-देवताओं का अपमान करते हैं। इस दौरान जिला प्रभारी वासुदेव मौर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह और जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विनीत मनार भी मौजूद रहे।



प्रेस वार्ता करते गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह और जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य।

- केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने प्रेस वार्ता में विपक्ष पर कसे तंज

### ईएमटी डे पर एंबुलेंस स्टाफ को किया सम्मानित

**लखीमपुर खीरी।** ईएमटी डे पर सीएमओ ने जिले की 108 व 102 एंबुलेंस स्टाफ को सम्मानित किया। उन्होंने दिन-रात मरीजों की सेवा के लिए तत्पर रहने पर प्रशंसा की। साथ ही एंबुलेंस स्टाफ को ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ मरीजों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। जिले में 108 की 44 और 102 की 46 एंबुलेंस हैं, जो दिन रात मरीजों की सेवा के लिए तत्पर रहती हैं। मंगलवार को ईएमटी दिवस पर सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने एंबुलेंस स्टाफ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर हौसलाफजाई की। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस स्टाफ हर समय मरीजों की सेवा के लिए तैयार रहता है। सीएमओ एवं डिप्टी सीएमओ धनीराम भार्गव ने 108 व 102 स्टाफ संग ईएमटी दिवस मनाकर सभी को शुभकामनाएं दी।

रामस्वरूप त्रिपाठी सेवा संस्थान द्वारा संचालित
05870357120
9140089004
विद्या कुँवरि स्मारक
सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज
माध्यमिक शिक्षा परिषद-उ॰प्र॰, प्रयागराज द्वारा विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी वर्ग में अंग्रेजी/ हिन्दी माध्यम से मान्यता प्राप्त
अर्जुन नगर कॉलोनी, लखीमपुर रोड, गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर (खीरी) उ. प्र.
शिक्षण सत्र 2024-25 हेतु
नर्सरी से सभी कक्षाओं में प्रवेश प्रारम्भ
वर्ष 2023 में उच्च शिक्षा/ सेवा में चयनित
स्मृति अग्रवाल - चार्टर्ड एकाउन्टेंट
शिवम वर्मा - सतर्कता अधिकारी (NCB)
आयुष वर्मा - जिला सूचना अधिकारी
उदय प्रताप सिंह - गृह मंत्रालय
दीपशिखा - एम॰बी॰बी॰एस॰
मयंक शेखर श्रीवास्तव - आबकारी निरीक्षक
जनपद की टॉप टेन मेधावी सूची - 2023 में सर्वाधिक 5 विद्यार्थी इसी विद्यालय से चयनित
मधु त्रिपाठी - प्राचार्या (बालिका विभाग)
महेन्द्र कुमार त्रिपाठी - प्राचार्य (माध्यमिक विभाग)
प्रवेश फार्म विद्यालय कार्यालय में उपलब्ध

# बेधड़क फर्राटा भर रहीं अवैध रेत और मिट्टी भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां

## शहर के साथ सिंगाही, मोहम्मदी, धौरहरा और पलिया में सक्रिय हैं खनन माफिया, जिम्मेदार विभाग बने अंजान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी/सिंगाही

**अमृत विचार :** जिले में अवैध रेत और मिट्टी का खनन कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में खनन कर मिट्टी और रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां सड़कों पर फर्राटा भर रही हैं। तेज रफ्तार और क्षमता से अधिक लोड होने के कारण इन ट्रालियों में जुड़े ट्रैक्टर चलते-चलते उठ जाते हैं। साथ ही तेज रफ्तार होने के कारण हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है।

इन दिनों शहर से सटे इलाकों में इन दिनों जहां मिट्टी खनन माफिया काफी सक्रिय हैं। वहीं रेत का अवैध कारोबार भी जोरों पर फल फूल रहा है। शहर के विभिन्न मार्गों पर इन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को किसी भी समय फर्राटा भरते देखा जा सकता है। रामापुर, देवकली रोड़, एलआरपी पुलिस चौकी क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन जोरों पर हो रहा है। शहर से सटे भंसड़िया, विष्णुपुर, मथना, उदयपुर आदि गांवों में खनन माफिया बड़े पैमाने पर मिट्टी खुदवा रहे हैं। मिट्टी खुदान में माफिया अधिकारियों को गुमराह कर बड़ा खेल करते हैं।

सूत्र बताते हैं कि माफिया दो साल पुरानी रॉयल्टी के कागज पर तारीख बदल कर गुमराह करते हैं। इतना ही नहीं जमीन ऊसर और बंजर बताकर अधिकतम एक फिट तक मिट्टी निकालने की अनुमति लेते हैं। इसके बाद खनन माफिया तीन से चार फुट की गहराई तक मिट्टी निकालकर महंगे दामों पर बेचते हैं। एक ट्रॉली मिट्टी तीन से चार हजार रुपये के हिसाब से बेची जाती है। इन दिनों सबसे ज्यादा मिट्टी का खनन एलआरपी पुलिस चौकी क्षेत्र में चल रहा है। इस क्षेत्र में खनन करने के बाद ट्रैक्टर ट्रॉलियां देवकली रोड से ही गुजरती है। खनन का खेल सिंगाही, मोहम्मदी, पलिया और धौरहरा क्षेत्र में तेजी से चल रहा है। ट्रालियों में बालू मानक से कई गुना अधिक भरी होती है। इससे जरा सा हिचकोला लगने पर ट्रैक्टर आगे से उठता हुआ काफी दूर तक चला जाता है। इस दौरान वह किधर मुड़कर किसको टक्कर मार दे। इसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल होता है। शहर के रामापुर पुलिस चौकी क्षेत्र में जनवरी में दो लागों की मिट्टी भरी ट्राली की चपेट में आकर मौत हो चुकी है।



सिंगाही क्षेत्र में जौराहा नदी में खनन कर ट्रॉली में रेत भरते मजदूर। ● अमृत विचार

● **पुलिस और खनन विभाग की मिलीभगत से चल रहा है धंधा**

### सिंगाही में पूरे दिन दौड़ती हैं रेत भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां

**सिंगाही, अमृत विचार :** सिंगाही क्षेत्र में जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर ट्राली से अवैध मिट्टी के खनन का कार्य किया जा रहा है। मोतीपुर के निकट बह रही जौराहा दिन के भौका, माझा, सिंगहा के अलावा खैरीगढ़ से बम्हनपुर जाने वाले मार्ग पर सरजू नदी के पुल घाट में इस समय सफेद रेत का खनन खुलेआम किया जा रहा है। इससे बरसात के समय नदी की धारा गांव की तरफ मुड़ने की आशंका तेज हो गई है। मोतीपुर से दरेहटी, बथुआ में अवैध मिट्टी खनन व बालू का काला कारोबार तेज है। इसे रोकने में राजस्व विभाग व पुलिस रुचि नहीं ले रही है। कोतवाली तिकुनिया के गांव तकियापुरवा के कुछ माफिया बिना रॉयल्टी और खनन पट्टे के मिट्टी और अवैध बालू का खनन कर रहे हैं। पुरानी रॉयल्टी पर पड़ी तारीख बदलकर उस पर मिट्टी और बालू की भरी ट्रालियां दौड़ाते हैं। गांव मोतीपुर, बेलरायां, हरद्वाही आदि गांवों के लोगों का कहना है कि वैसे तो पूरे दिन मिट्टी व बालू भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां तेज रफ्तार निकलती हैं, लेकिन सुबह चार बजे से लेकर नौ बजे कर इनकी संख्या अधिक होती है। इस दौरान बच्चे भी स्कूल जाते हैं। अत्यधिक लोड और तेज रफ्तार होने के कारण हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है। सिंगाही क्षेत्र में अवैध खनन का एक वीडियो भी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। सीओ प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि मामला खनन विभाग का है। अवैध खनन पकड़ने के बाद खनन विभाग ही कार्रवाई करेगा। इससे खनन के विभाग को सूचना देनी चाहिए, फिर भी मैं मामले की जांच कर रहा हूं।

### हाईकोर्ट के आदेश की अनदेखी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाल में ही एक आदेश जारी किया था कि ट्रैक्टर-ट्रालियां का उपयोग सिर्फ कृषि कार्य में किया जाएगी। इनको कमर्शियल प्रयोग में नहीं लिया जाएगा। जिले में इस इस आदेश का पालन नहीं हो पा रहा है। ईंट भट्ठों के साथ खनन के कार्यों में ट्रैक्टर-ट्रालियां लगी हुई हैं। खास बात यह है कि यह वाहन चौकी और थानों के सामने से भी गुजरते हैं, लेकिन जिम्मदेरों की नजर इस पर नहीं जाती है।

"वीडियो मिला है, जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। वीडियो में ट्रैक्टर नंबर दिखाई नहीं दे रहा है। अगर कोई शपथ पत्र पर खनन की शिकायत करे तो प्रभावी कार्रवाई करने में आसानी होगी।

–अश्वनी कुमार सिंह
एसडीएम निघासन

## करंट लगने से राजमिस्त्री की मौत ठेकेदार झुलसा

**मोहम्मदी, अमृत विचार :** कस्बे में एक मकान में लिंटर के लिए छत पर सरिया डालते समय करंट लगने से एक राजमिस्त्री की मौत हो गई, जबकि ठेकेदार झुलस गया, जिसे शाहजहांपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



जगदीश।

गांव मगरेना निवासी जगदीश (50) राजमिस्त्री था। वह मोहम्मदी में एक मकान में काम कर रहा था। मंगलवार को लिंटर डालने के लिए सरिया बिछाई जा रही थी। राजमिस्त्री ने जब सरिया उठाई तो वह छत के ऊपर से निकली बिजली की लाइन में छू गई, जिससे उसकी झुलसकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पास में खड़ा मगरेना निवासी ठेकेदार जाबिर (40) गंभीर रूप से झुलस गया। उसे गंभीर हालत में शाहजहांपुर में भर्ती कराया गया है। मौत की खबर मिलते ही मृतक के घर में चीख पुकार मच गई।

## वास्तु ज्ञान यज्ञ में पांचवें दिन वास्तु शास्त्र पर की चर्चा

**खंभारखेड़ा (लखीमपुर खीरी), अमृत विचार:** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभार खेड़ा में स्थापत्य एवं वास्तु ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन मंगलवार को वास्तु शास्त्र एवं अन्योन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।



कथा व्यास आचार्य सुशील।

आचार्य सुशील बलूनी ने त्रिविध कुक्षी के सिद्धांत के अलावा वास्तु शास्त्र में 10 दिशाएं, उनके अधिष्ठात्री देव, उनमें उपस्थित ग्रहों पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि आपके निवास स्थान में किसी कोने में किस कक्ष की स्थापना की जाए, जिससे सुख, शांति और वैभव की प्राप्ति हो पर चर्चा की। पूजा स्थान कहां हो, पूजा का महत्व और अपने इष्ट से कैसे जुड़े आदि पर भी चर्चा की। इस मौके पर यूनिट हेड अवधेश गुप्ता, पावर के यूनिट हेड धर्मेंद्र सिंह, योगेश सिंह, राजेश दुबे, पुतान सिंह, अजीत, नरेंद्र, जितेन्द्र, जय सिंह, मिथलेश आदि मौजूद रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

### कुलवंत प्रधान व गुरजीत बने सचिव

**लखीमपुर खीरी।** मोहल्ला हाथीपुर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की कार्यसमिति का पांच वर्षीय चुनाव मंगलवार को हुआ। गुरुद्वारा प्रबंधक गुरदेव सिंह ने बताया कि कुलवंत सिंह खैरा प्रधान व सरदार गुरजीत सिंह जुनैजा सचिव चुने गए। नरेंद्र सिंह मिर्जापुर कोरारा के मीत प्रधान और सरदारनी गुरविंदर कौर राना सहायक प्रधान चुनी गई। पाल सिंह, दिलबाग सिंह, सुरेंद्र तोलानी, मनप्रीत सिंह आदि सदस्य चुने गए।



कुलवंत सिंह खैरा व गुरजीत सिंह जुनैजा।

## ई-रिक्शा में ट्रक ने मारी टक्कर बच्ची की मौत, पांच घायल

संवाददाता, केशवापुर

**अमृत विचारः** गोला-लखीमपुर रोड पर ग्राम कुनैठिया के पास ट्गोरक ने गोला जा रहे ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में नौ साल की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।

नेशनल हाईवे पर दोपहर पौने 11 बजे एक ई-रिक्शा सवारी बैठाकर गोला की ओर आ रहा था। ग्राम कुनैठिया के समीप लखीमपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी।से सड़क पर गिरने से बच्ची शालू (9) पुत्री नीरज भारती निवासी सिकन्द्राबाद की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। जबकि पांच लोग घायल हो गए। घटना से लोगों में चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी भिजवाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद. नीरज भारती पुत्र रामआसरे,. पिंकी पत्नी नीरज भारती निवासी सिकंदराबाद थाना नीमगांव, सोनम देवी पत्नी कमलजीत, मालती पत्नी सुधीर, आकांक्षा पुत्री सुधीर निवासी ग्राम तुसौरा की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने ट्रक को पकड़ कर ड्राइवर को हिरासत मे ले लिया है।



ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त ई रिक्शा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**अलीगंज।** चौकी क्षेत्र में गोला रोड पर पैदल आ रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया है, जिसे अस्पताल भर्ती कराया गया है। अलीगंज जाने वाले मार्ग पर सुरेंद्र कुमार (35) निवासी सराय रमुवापुर पैदल आ रहा था। बताया जाता है कि गुरुद्वारे के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सुरेंद्र सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अलीगंज चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार पाठक ने108 एम्बुलेंस से गोला सीएचसी भिजवाया है, जहां हालत खतरे के बाहर बताई गई है। चौकी पुलिस के अनुसार शराब के नशे में सुरेंद्र कुमार धुत था। परिवार वालों का अनुमान है कि सुरेंद्र ने सांसिया कालोनी में कच्ची शराब पी होगी, तभी नशे में पैदल ही जा रहा था।

## गांजा बरामद युवक गिरफ्तार

**भीरा, अमृत विचार :** पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 750 ग्राम गांजा बरामद होने का दावा किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है। एसओ पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस गांव बेलवा मलूकापुर के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। क्रेशर मोड़ के पास पुलिस ने सदर कोतवाली के मोहल्ला पद्मावती कॉलोनी गढ़ी रोड निवासी दीपक कश्यप को पकड़ा। उसके पास से 750 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

## मुख्यमंत्री के मंच पर रो पड़ीं पूर्व सांसद संघमित्रा

बदायूं कार्यालय

**अमृत विचारः** प्रबुद्धजन सम्मेलन में पूर्व सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य मंच पर ही फूट-फूटकर रोने लगीं। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी उन्हें ढांढस बंधाती रहीं। आंसू नहीं रुके तो वह कुछ देर के लिए उठकर चली गईं। इसका वीडियो वायरल होने के बाद चर्चा होने लगी कि टिकट कटने की वजह से वह रो रही थीं। हालांकि बाद में संघमित्रा मौर्य ने बताया कि गुलाब देवी रामायण का प्रसंग सुना रही थीं। इसे सुनकर वह भावुक हो गई थीं। इतनी कमजोर नहीं कि टिकट कटने के चलते रोएं।

मंगलवार को बदायूं में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। उनके आने से पहले पूर्व सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य मंच पर साइड में कुर्सी पर बैठी थीं। उनके पास में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी और पीछे वाली सीट पर पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव बैठे थे। मंच पर एक पदाधिकारी का भाषण चल रहा था। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य मंच पर आए। इसी दौरान डॉ. संघमित्रा मौर्य की आंखों से आंसू छलक पड़े। उन्होंने अपनी आंखों को हथेलियों से ढक लिया। आंसू पोंछने लगीं। गुलाब देवी उन्हें चुप कराने लगीं। आंसू नहीं रुके तो वह कुछ देर के लिए उठकर चली गईं। सामने लगे कैमरों में यह दृश्य कैद हो गया और कुछ ही देर में वीडियो वायरल हो गया। चर्चा होने लगी कि टिकट कटने की वजह से वह मंच पर रोने लगी थीं। बाद में मीडिया से बातचीत में उन्होंने अपने रोने का कारण बताया। पूर्व सांसद ने कहा कि मंत्री गुलाब देवी रामायण का एक प्रसंग सुना रही थीं। राजा दशरथ का प्रसंग सुनने की वजह से वह भावुक हो गईं थीं। उन्होंने कहा कि वह आधी आबादी का नेतृत्व करने वाली महिला हैं। इतनी कमजोर नहीं है कि टिकट कटने से रो पड़ें। टिकट की घोषणा आज नहीं हुई है। टिकट घोषित होने के बाद प्रत्याशी के पहली बार बदायूं आने पर वह उनके साथ पूरा दिन रहीं। उनका चुनाव लड़ा रही हूं। कोई और अर्थ न निकाला जाए।



अपने आंसू पोंछतीं डॉ. संघमित्रा।

## मंदिर की दीवार तोड़ी पीपल की डाली काटी

**निघासन, अमृत विचार :** थाना निघासन के गांव छेदुई पतिया के गांव हक्कलपुर के सिद्ध बाबा मंदिर की कुछ लोगों ने बाउंड्रीवाल तोड़ दी। साथ ही सैकड़ों वर्ष पुराने पीपल की डाल भी काट दी। मंदिर के पुजारी ने चार लोगों के खिलाफ तहरीर मझगई थाना पुलिस को दी है। छेदुई पतिया के गांव हक्कलपुर में सिद्ध बाबा का स्थान है। यहां बहुत पुराना मंदिर है। मंदिर के पुजारी बाबा नंदलाल ने बताया कि सोमवार की शाम को वह सामान लेने के लिए बाजार गए थे। इसी बीच गांव के चार लोगों ने मंदिर की बाउंड्री तोड़ दी। मंदिर की अन्य संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया और पीपल की डाली काट दी। बाजार से वापस आने पर जानकारी हुई तो उन्होंने आरोपियों से विरोध जताया। इस पर आरोपी भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए जान से मार देने की धमकी देने लगे। पुजारी ने 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। थानाध्यक्ष मझगई पुष्पराज सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। पुजारी को बुलाकर जानकारी ली जाएगी। उसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

फ्री डेन्टल इलाज
स्थान:- डेन्टल कॉलेज
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर चौराहे के पास बिचपुरी मोड
(रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज कैम्पस)
प्रस्तुत करता है
स्वच्छ दंत अभियान
एक और कदम स्वच्छता की ओर
दिनांक :- 02 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ
06 अप्रैल 2024 को समापन
सुविधाएँ
★ मुफ्त परामर्श, ★ मुफ्त रजिस्ट्रेशन
★ मुफ्त दांतों की सफाई
★ मुफ्त दांतों का निकालना
अन्य इलाज सस्ते दरों पर
नोट - बच्चों के दाँतों के इलाज की सभी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध है।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

**पसगवां, अमृत विचारः** विवाह के पांच माह में ही दहेज की अतिरिक्त मांग को पूरा न करने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल देने का एक मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के पिता ने इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। पसगवां थाना क्षेत्र के ग्राम मुल्लापुर निवासी अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि उसने अपनी पुत्री अंचल शुक्ला का विवाह पहली जून 2023 को शाहजहांपुर के थाना सेहरामऊ दक्षिणी के ग्राम नागरपाल निवासी प्रेम प्रकाश तिवारी के पुत्र वैभव तिवारी उर्फ गोविंद के साथ किया था।

उन्होंने बताया कि अपनी सामर्थ्य से अधिक 20 लाख नगद और पांच लाख का सामान दिया था, लेकिन उसकी पुत्री के ससुराल वालों ने पांच लाख रुपए और चार पहिया गाड़ी देने की और मांग शुरू कर दी। 22 दिसंबर को उसके आभूषणों को छीनकर उसे मारा पीटा और घर में न रखने की धमकी दी। सूचना पाकर वह अपनी बेटी को ले आए। कुछ समय बीतने पर एक अप्रैल को वह अपनी बेटी को लेकर गये तो उन्होंने फिर बुरा व्यवहार किया। विवश होकर वह अपनी पुत्री को ले आया और थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने पति वैभव तिवारी उर्फ गोविंद, सास , ससुर,जेठ,जेठानी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

**सम्मन मुद्दालय**
**व अदालत सिविल जज जूनियर डिवीजन आंवला, जिला बरेली**
मुकदमा संख्या-70 सन्-2023
**कृष्णपाल बनाम नन्ही**
बनाम नन्ही पत्नी महेन्द्र निवासी ग्राम अलापुर, तहसील दातागंज, जिला बदायूँ
**मुद्दालय**
चूँकि मुसम्मी कृष्णपाल ने आपके नाम एक नालिश वास्ते वसीयतनामा निरस्तीकरण के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 11.04.2024 असालतन या मारफत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूबी बाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हों वरना आपकी गैरहाजरी में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख 01-4-२024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।
**सिविल जज जूनियर डिवीजन आंवला (बरेली)**

**खोया - पाया**
स्व. श्री अजीत चन्द्र देव पुत्र स्व. श्री अखिल चन्द्र देव के पुत्र रतन कुमार देव से सम्पत्ति भवन सं. – 46 M.I.G. जनकपुरी आवास विकास, बरेली का मूल विक्रय विलेखा जिसकी रजिस्ट्री बही नं. 01 जिल्द सं. 63 के पृष्ठसं. 261–278 क्रमांक – 2888 दिनांक– 11.04.1991 को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वितीय बरेली में पंजीकृत हुई, वास्तव में कही खो गयी है। जिसे मिले वह 15 दिन में सूचित करे। अन्यथा यह माना जायेगा कि उपरोक्त सम्पत्ति व उपरोक्त मूल दस्तावेज पूर्णत: पाक साफ भार मुक्त है। किसी भी वित्तीय संस्थान आदि को कोई आपत्ति नही है, कोई क्लेम स्वीकार नही होगा। उपरोक्त मूल दस्तावेज का प्रयोग अवैध माना जायेगा। इस सम्बन्ध में ई.एफ.आर. दिनांक– 31.03.2024 को दर्ज की जा चुकी है। जिसकी LAR सं. 20240000240599 है। उक्त सम्पत्ति को मैं व वारिसान (अन्य) विक्रय करना चाहते है। जिसके लिए क्रेता गौरव सक्सेना व अन्य सम्पत्ति पर SBI बैंक RACPC (15485) बरेली से लोन सुविधा हेतु उक्त सम्पत्ति को बंधक करना चाहते है।
नाम – रतन कुमार देव
पता – 46 MIG जनकपुरी, आवास विकास, बरेली
मो. नं. – 8433248714

**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक 122, सिविल लाइन्स, बरेली**
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की आवासीय/व्यावसायिक सम्पत्तियों के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु परिषद में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है–

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या सेक्टर/ खण्ड व योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से मृतक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | स्व. श्रीमती कैलाश सेठी पत्नी श्री अविनाशी राम सेठी | भूखण्ड सं. -ए-5/2, राजेन्द्र नगर बरेली | 04.08.2021 | श्री केवल कुमार सेठी, श्री सुरेन्द्र मोहन, श्रीमती सरिता सेठी, श्री राहुल सेठी, श्रीमती कनिका सेठी तनेजा, श्रीमती प्रियंका अरोड़ा | – | पुत्र, पुत्रियां पुत्रवधू |

उपर्युक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति पत्र प्राप्त न होने पर परिषद अभिलेखों के कॉलम-5 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
**सम्पत्ति प्रबन्धक**

**VACANCY**
**REQUIREMENT OF MANAGER FOR GARUD UNIT RUN CANTEEN AT BAREILLY CANTONMENT**
**Email ID: garudURC@gmail.com**
Invites Application from eligible candidates for the following post on contractual basis

| Post | Vacancy | Minimum Qualification/ Experience/Age |
|---|---|---|
| Manager for Garud Unit Run Canteen | 01 | • Preferable MBA/Diploma in management<br>• Minimum 10 years experience<br>• Less than 60 years of age.<br>• Preferable a Retired Army/AF/Navy Officer |

**Salary** perks and privileges as per Canteen SOP and Rules.
**Action process :** Application along with resume/CV with relevant documents as per eligibility criteria should be submitted through email only garud URC@gmail.com before 2359hr on 07 Apr 2024. Application received post 07 Apr 2024 will be rejected shortlisted candidates will be called for interview on 09 Apr 2024. Confirmation on date and time will be intimated through email/telephonically.
**Officer-in-Charge**
**Garud URC**
**Bareilly-243001**

### साखू की लकड़ी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सीओ निघासन प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि बेलरायां चौकी इंचार्ज अभिषेक कुमार ने कुशाही के एक घर पर छापा मारा था। पिकअप को कब्जे में तलाशी ली तो उसमें दुधवा जंगल से काटकर लाई गई बेशकीमती साखू के बोटे बरामद हुए थे। पुलिस ने थाना सिंगाही के गांव मोतीपुर निवासी रमन कुमार और बेलरायां पुलिस चौकी के गांव तकिया पुरवा निवासी रेहान को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि पिकअप मालिक और एक अन्य आरोपी मौके से भाग निकला था। मंगलवार को पुलिस ने पिकअप मालिक कुशाही निवासी शफीक को गोशाला बेलरायां के पास से गिरफ्तार कर लिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र सुखदेव एवं पुत्रवधू पूनम देवी को गलत व्यवहार के चलते चल अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके कृत्यों की मैं जिम्मेदार नहीं। **लता देवी पत्नी स्वर्गीय द्वारिका प्रसाद, सबलपुर खास, पूरनपुर, पीलीभीत (उ.प्र.)**

**सूचना**
मैंने अपनी पुत्री कु. हिना को उसके गलत चाल चलन व दुर्व्यवहार के कारण उससे समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन की स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **जाकिर पुत्र श्री मोहम्मद हुसैन, निवासी उड़ला जागीर, थाना बिथरी चैनपुर, तहसील व जिला बरेली**

**आवश्यकता है**
अति शीघ्र आवश्यकता है, फुल स्टाफ की।
**विश्वास डायग्नोस्टिक सेंटर**
पता- ITBP बुखारा मोड़, बरेली
मो. 7037760814, 9695554511
निम्नलिखित पदों में योग्य स्टाफ की आवश्यकता है।
1. नर्सिंग स्टाफ
2. रिसेप्शनिस्ट
3. कंप्यूटर ऑपरेटर
4. एक्स-रे टेक्नीशियन
5. लैब टेक्नीशियन
6. सफाई कर्मचारी
7. PRO
8. Blood Collection Team
इच्छुक व्यक्ति ऊपर दिए गए पते पर संपर्क करें।

**आवश्यकता है**
लड़के व लड़कियों की आफिस कालिंग हेतु व फील्ड कार्य हेतु।
सैलरी+इन्सेन्टिव
गेट नंबर 1 महानगर बरेली गोल चक्र नियर PNB एटीएम के पास
9045350563, 9258469345

**REQUIREMENT**
Wanted Experienced fluent in English
Receptionist, Counsellors Accountant (Tally)
(Male / Female)
PRT, TGT, PGT
Commerce, English, Physics,
ST. XAVIER SCHOOL
Akansha Enclave, Near Munshinagar, Bareilly
stxc@rediffmail.com

**आवश्यकता है**
अस्थाई रूप से
चेतना सेवा संस्थान टी.आई बरेली में
परामर्शदाता 1 पद
मानदेय 16000+1200
योग्यता-MA समाजशास्त्र / MSW
कम से कम एक वर्ष का अनुभव
ओ.आर.डब्लू. 3 पद
मानदेय 10500+1500
कम्युनिटी को वरीयता
योग्यता इण्टर
साक्षात्कार – दिनांक 9-4-2024
आवेदन भेजने का पता :
12, नवादा शेखान, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
Email : bareilly.chetna@gmail.com
संपर्क 7018236674, 7830340519

**वैधानिक सूचना :–** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

